वर्ष : 12 | अंक : 178 टोंक | बुधवार, 26 फरवरी, 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹4.00 | पृष्ठ : 08


www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

महा शिवरात्री की शुभकामनाएं

दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी फूट-फूटकर रोए

## कहा- मेरे लिए अपशब्द कहे गए, डोटासरा के लिए बोले- वे विधायक बनने योग्य नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को सदन में फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर उनका अपमान करने व अपशब्द कहने के आरोप लगाए। देवनानी ने कहा कि- मैं भी पांच बार से सदन में आया हूं। मैंने कभी ऐसे शब्द नहीं सुने। मैंने कभी पक्षपात नहीं किया लेकिन फिर भी ऐसे आरोप लगाते हैं तो दुख होता है। यह सब सुनने के बाद मुझे भी यह लगता है कि वह विधायक बनने के योग्य भी नहीं है लेकिन इसका फैसला मैं सदन पर छोड़ता हूं। दरअसल, राजस्थान विधानसभा में इंदिरा गांधी पर सरकार के मंत्री की टिप्पणी के बाद से गतिरोध चल रहा है।




### जबरन विधानसभा में घुसने की कोशिश

कांग्रेस के निलंबित विधायकों ने आज जबरन विधानसभा में घुसने की भी कोशिश की। उनकी सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। वहीं, विधानसभा के बाहर गोविंद सिंह डोटासरा ने दावा किया है कि- संसदीय कार्य मंत्री ने उनसे कहा था कि हमारा स्पीकर तो जैसा है वैसा है यह काम की भी बात नहीं मानेगा। डोटासरा ने कहा कि- सरकार में मतभेद है, सहमति में मेरी व्यक्तिगत माफी पर कोई बात नहीं हुई थी। निलंबन की कार्यवाही को लेकर कांग्रेस ने आज विधानसभा के बाहर करीब एक घंटे तक धरना दिया।

### अटक गई कांग्रेस विधायकों की बहाली

सोमवार को सदन में गोविंद सिंह डोटासरा के साफ तौर पर माफी नहीं मांगने के बाद वार्ता के प्रयास भी रुक गए हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बने गतिरोध में अब स्पीकर के अपमान का मुद्दा भी जुड़ गया है। सोमवार दिन में सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद डोटासरा के स्पीकर को लेकर किए गए अपशब्दों से भी बात बिगड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने ईमेल मामले में मस्क का समर्थन किया

**कहा- हर कर्मचारी को जवाब देना होगा कि क्या काम किया, वरना नौकरी जाएगी**



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईमेल का जवाब न देने पर सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी देने के मामले में इलॉन मस्क का समर्थन किया है।

मैक्रों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प ने कहा कि बहुत से लोग ईमेल का जवाब नहीं दे रहे हैं क्योंकि वे काम ही नहीं कर रहे। ट्रम्प ने कहा-मुझे लगता है कि यह बहुत बढ़िया है। क्योंकि हमारे पास कई ऐसे लोग हैं जो काम पर नहीं आते हैं और कोई भी नहीं जानता है कि वे सरकार के लिए क्या काम कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि हर स्टाफ को यह जानकारी देनी चाहिए कि उन्होंने इस सप्ताह क्या काम किया है। इससे पता चलेगा कि वे वास्तव में काम कर रहे हैं या नहीं। इससे सरकार को भी पता चलेगा कि किन लोगों को बिना काम किए पैसा मिल रहा है। यदि कोई जानकारी नहीं देता तो उसे जल्द ही नौकरी से निकाल दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि डीओजीई ने सैकड़ों अरबों डॉलर की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि जो कर्मचारी मौजूद भी नहीं हैं, उन्हें भी वेतन मिल रहा है। हालांकि ट्रम्प ने अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं किया। मस्क बोले- 7 दिन का हिसाब दो या नौकरी छोड़ो इलॉन मस्क के डीओजीई डिपार्टमेंट ने अमेरिका में सभी फेडरल कर्मचारियों को 3 लाइन एक ईमेल भेजा था।

### अमेरिका का भारत की 4 ऑयल एक्सपोर्ट कंपनियों पर बैन

**ईरान के साथ व्यापार करने पर एक्शन, यूएई-चीन की कंपनियों पर भी प्रतिबंध**

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी सरकार ने भारत में मौजूद 4 कंपनियों पर ईरानी पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की बिक्री और ट्रांसपोर्ट में मध्यस्थता की वजह से प्रतिबंध लगा दिया। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के वित्त विभाग ने सोमवार को एक प्रेस रिलीज जारी कर इस बारे में जानकारी दी। अमेरिका का कहना है कि ईरान के ऑयल एक्सपोर्ट को अवैध शिपिंग नेटवर्क के जरिए अंजाम दिया जाता है। डोनाल्ड ट्रम्प की मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी के तहत अमेरिका ऐसे नेटवर्क पर एक्शन ले रहा है, जिससे ईरान की कमाई का जरिया रोका जा सके। आज जिन पर बैन लगाया गया है, उनमें UAE और हॉन्गकॉन्ग के ऑयल ब्रोकर, भारत और चीन के टैंकर ऑपरेटर और मैनेजर, ईरान की नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी के हेड और ईरानी ऑयल टर्मिनल्स कंपनी शामिल हैं। इनकी वजह से ईरान की अस्थिर करने वाली गतिविधियों में वित्तीय मदद मिली है। डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करके ईरान के खिलाफ 'अधिकतम दबाव' अभियान को फिर से लागू किया। इसके तहत ईरान पर सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए।

## पीएम मोदी ने एडवांटेज असम 2.0 समिट का उद्घाटन किया

# राजनीतिक स्थिरता, सुशासन-सुधारों ने भारत के लिए दुनिया की उम्मीदें जगाईं : पीएम

बढ़ता राजस्थान



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 समिट का उद्घाटन किया। यह दो दिन की इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट समिट है। पीएम ने कहा- आज दुनिया का भरोसा भारत के 140 करोड़ जनता पर है। राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों की वजह से ये सब हुआ है। पीएम ने कहा- आज भारत लोकल सप्लाई चैन को मजबूत कर रहा है। दुनिया के अलग-अलग रीजन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी और बेहतर हो रही है। मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर भी अनेक नई संभावना लेकर आ रहा है। भारत पर मजबूत होते ग्लोबल ट्रस्ट के बीच हम सभी असम में जुटे हैं।

**पीएम मोदी के संबोधन की प्रमुख बातें....**

7 सालों में असम की इकोनॉमी 6 गुणा बढ़ी पीएम मोदी ने कहा- 2018 में असम की इकोनॉमी 2.75 लाख करोड़ की थी। अब यह 6 लाख करोड़ रुपए की हो गई है। इसका मतलब है राज्य के भाजपा की सरकार बनाने के बाद इकोनॉमी 6 गुणा बढ़ी है। असम को 2009 से 2014 के बीच रेल बजट के लिए औसतन 2,100 करोड़ रुपए मिले थे।

2030 तक असम का जीडीपी 12.44 लाख करोड़ होगा उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने असम के रेलवे बजट को चार गुना ज्यादा बढ़ा कर 10 हजार करोड़ रुपए पहुंचा दिया है। असम ने 2030 तक 12.44 लाख करोड़ रुपए का जीडीपी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। मुझे विश्वास है कि असम यह लक्ष्य जरूर पूरा करेगा। मुझे राज्य के लोगों की क्षमताओं और यहां की सरकार पर भरोसा है।

सेमिकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा सेमीकंडक्टर को लेकर पीएम ने कहा कि असम सेमिकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक इंपोर्टेंट हब बनकर उभरेगा। हाल ही में टाटा ने असम में सेमीकंडक्टर की एसेंबलिंग शुरू की है, जो पूरे उत्तर पूर्वी राज्यों में तकनीकी विकास को बढ़ावा देगा। असम नए भविष्य की शुरुआत करने जा रहा पीएम मोदी बोल- नॉर्थ ईस्ट की भूमि नए भविष्य की शुरुआत करने जा रही है। एडवांटेज असम पूरी दुनिया को असम से जोड़ने का अभियान है। आज जब भारत विकसित होने के कगार पर बढ़ रहा है तो एक बार फिर हमारा यह नॉर्थ-ईस्ट का राज्य अपना सामर्थ्य दिखाने जा रहा है। एडवांटेज असम को मैं इसी स्पिरिट के रूप में देख रहा हूं। मैं असम की



सरकार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

सीएम सरमा बोले- 2014 के बाद असम का पुनर्जन्म हुआ इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने पीएम मोदी का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सरमा ने कहा- पीएम मोदी के आशीर्वाद से हमने 2018 में एडवांटेज असम की शुरुआत की थी। 2014 के बाद असम का पुनर्जन्म हुआ है।

# सांसद जोशी बने संसद की याचिका समिति के सभापति

**टीम में 13 अन्य सदस्य भी मनोनीत, बीजेपी नेताओं ने दी बधाई**

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को एक बार लोकसभा में बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनको संसद की लोकसभा में याचिका (पिटिशन) समिति का चेयरपर्सन बनाया गया है। यह खबर मिलते ही पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशियों की लहर दौड़ गई। साथ ही सोशल मीडिया में बधाइयों का दौर चलने लगा।

**यह है अन्य 13 सदस्य-** सांसद सीपी जोशी को संसद की 15 सदस्यीय लोकसभा की याचिका समिति का सभापति बनाया गया है। अन्य 13 सांसद को सदस्य बनाया गया है। जिनमें सदस्य सांसद एंटो एंटनी, मितेश पटेल बाकाभाई, सुखदेव भगत, राजू बिस्टा, गुरमीत सिंह, बस्तिपति नागराजू, डॉ.राजकुमार सांगवान, कमलजीत शेहरावत, देवेश शाक्य, मंजू शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, अभय कुमार सिन्हा और राजमोहन उन्नीथन है। इसमें एक सदस्य का पद अभी भी खाली है।

सांसद जोशी ने याचिका समिति के सभापति मनोनीत किए जाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार व्यक्त किया।



**यह रहेगा काम**-लोकसभा की याचिका समिति एक जरूरी समिति है। इसके काम आम जनता की ओर से संसद में उठाई गई याचिकाओं पर विचार करना, याचिकाओं पर सरकार से राय मांगना, याचिकाओं पर रिपोर्ट देना, याचिकाओं के निपटान के लिए निर्देश देना, याचिकाओं से जुड़े मामलों में मंत्रालय के विचारों पर विचार करना, याचिकाओं के निपटान के लिए सभा में रिपोर्ट पेश करना, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना आदि है। सांसद जोशी वर्तमान में संसद की सार्वजनिक उपक्रम समिति और ऊर्जा समिति में सदस्य है। पूर्व में बहु-राज्य सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2022 बिल की संयुक्त समिति के सभापति भी रह चुके है।

## दिल्ली सीएम ने विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश की

# आप की शराब नीति से 2000 करोड़ का घाटा

### 21 आप विधायक सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में शराब नीति पर सीएजी रिपोर्ट पेश की गई। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट सदन में रखी। एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि पिछली सरकार ने इस रिपोर्ट को रोककर रखा था। इसे सदन में नहीं रखा। उन्होंने संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। पॉलिसी कमजोर थी और लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिसी में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे, जिन्हें तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया। इससे पहले सदन में विपक्षी पार्टी आप ने सीएम हाउस में भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरों के मुद्दे पर हंगामा किया। एलजी वीके सक्सेना जब भाषण दे रहे थे, तब आप विधायकों ने मोदी-मोदी की नारेबाजी की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत 21 आप विधायकों को 3 मार्च तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया। सदन से बाहर आने के बाद आतिशी ने कहा कि सीएम हाउस से भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरें क्यों हटाई गईं।



### सीएजी रिपोर्ट पर विपक्ष की नेता आतिशी के 3 बयान

विधानसभा में आबकारी ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई। इसके सात अध्याय 2017-21 की आबकारी नीति पर हैं। एक अध्याय नई आबकारी नीति पर है। दिल्ली सरकार ने पुरानी आबकारी नीति की खामियों और भ्रष्टाचार को दिल्ली की जनता के सामने उजागर किया था। उस नीति के तहत हरियाणा और यूपी से अवैध रूप से शराब लाई जाती थी। यह रिपोर्ट वही बात दोहरा रही है जो हमने कहा था कि पुरानी नीति के कारण दिल्ली की जनता को घाटा हो रहा है। इस नीति से यह स्पष्ट होता है कि पुरानी नीति को हटाकर आप सरकार ने सही फैसला लिया। इस रिपोर्ट के आठवें अध्याय में कहा गया है कि नई नीति पारदर्शी थी, इसमें कालाबाजारी रोकने के उपाय थे और इसके जरिए राजस्व में वृद्धि होनी चाहिए थी। जब यही नीति पंजाब में लागू की गई, तो वहां आबकारी राजस्व में वृद्धि हुई। इस नीति के कारण 2021 से 2025 तक राजस्व में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट कहती है कि अगर नई नीति सही तरीके से लागू होती, तो राजस्व एक साल में ही 4,108 करोड़ से बढ़कर 8,911 करोड़ हो जाता। यह नई नीति लागू नहीं की गई, इसलिए 2,000 करोड़ रुपए कम राजस्व आया। इसकी जांच होनी चाहिए कि इसे किसने लागू नहीं होने दिया। इसके लिए तीन लोग जिम्मेदार हैं- दिल्ली एलजी, सीबीआई और ईडी। यह नीति स्पष्ट करती है कि आप सरकार ने पुरानी नीति को हटाकर सही निर्णय लिया। हम मांग करते हैं कि इस सीएजी रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच कराई जाए और कार्रवाई की जाए।

इस रिपोर्ट ने हमारी बात को पुख्ता कर दिया कि शराब की बिक्री में भ्रष्टाचार था। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 28 प्रतिशत से ज्यादा भ्रष्टाचार ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा था और पैसा दलालों की जेब में जा रहा था। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि शराब की कालाबाजारी हो रही थी। सबको पता था कि शराब के ठेके किस पार्टी के लोगों के पास हैं। शराब के ठेकेदारों ने लागत मूल्य की गलत गणना करके मुनाफा कमाया।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## सम्पादकीय

# ठीक नहीं विदेशी रक्षा सामग्री पर निर्भरता, आत्मनिर्भर महाशक्ति बनने के लिए उठाने होंगे बड़े कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान एफ-35 की भारत को बिक्री की पेशकश की। इसके बाद से देश में बहस छिड़ी हुई है कि भारत को ये विमान खरीदने चाहिए या नहीं। इसका एक कारण यह है कि अमेरिका की तरह रूस ने भी भारत को अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान सुखोई-57 को बेचने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में सुखोई-57 का भारत में रूस द्वारा निर्माण और उसके कलपुर्जों के निर्माण का काम भारतीय कंपनियों को दिया जाना भी शामिल है। रूस इस सौदे में भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की तकनीक भी हस्तांतरित करने को तैयार हो सकता है, जिसमें फाइटर जेट इंजन निर्माण से लेकर रडार तकनीकी भी शामिल होगी। विडंबना यह है कि भारत में बहस इस पर केंद्रित रहती है कि किस देश से कौन सा हथियार खरीदा जाए। जहां हम इस प्रश्न को लेकर उलझे हैं कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अमेरिका से खरीदे जाएं या रूस से, वहीं चीन ने छठी पीढ़ी के स्वनिर्मित लड़ाकू विमान का परीक्षण शुरू कर दिया है। भारत चौथी पीढ़ी के स्वनिर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस की वायुसेना को अपेक्षित आपूर्ति ही नहीं कर पा रहा है। इसे लेकर बीते दिनों वायुसेना प्रमुख ने भी असंतुष्टि जाहिर की। अगर हम यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी दबाव मान लेते तो संभव है कि तेजस के लिए जरूरी अमेरिकी कंपनी जीई के इंजन मिल गए होते। वैसे तेजस भी पूरी तरह स्वदेशी नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि रूस सैकड़ों प्रतिबंधों और दबावों के बावजूद तीन सालों से यूक्रेन युद्ध इसलिए जारी रख पा रहा है, क्योंकि वह हथियारों के निर्माण और ऊर्जा संसाधनों के मामले में आत्मनिर्भर हैं। यह क्षमता ही किसी देश को सही मायनों में संप्रभु महाशक्ति बनाती हैं। इस क्षमता का ही परिणाम है कि अमेरिका के नए सत्ताधीश यह बखूबी समझते हैं कि रूस जैसी आत्मनिर्भर शक्ति को निर्णायक रूप से हराया नहीं जा सकता और वे अब रूस से समझौते की बात कर रहे हैं। भारत विभिन्न देशों पर अपनी निर्भरता के चलते आज तक कोई युद्ध इतने समय तक चला ही नहीं पाया और युद्ध के मैदान में जीती बाजी भी हम विदेशी दबाव के चलते वार्ता की मेज पर हारते रहे हैं। 1971 का युद्ध गुलाम कश्मीर पर कोई निर्णायक फैसला लिए बिना जल्दबाजी में इसलिए समाप्त किया गया था, क्योंकि सोवियत नेता अमेरिका से एक सीमा से अधिक रार नहीं बढ़ाना चाहते थे और हम रक्षा और दूसरे मामलों में सोवियत संघ पर निर्भर थे। यही कारण है कि भारत के पहले सीडीएस रहे स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत चाहते थे कि भारत अपने रक्षा उपकरण स्वयं ही बनाए और वे अगर विदेशी रक्षा उपकरणों से गुणवत्ता में थोड़े कमतर भी हों तो भी स्वदेशी उत्पादों को ही वरीयता दी जानी चाहिए। जनरल रावत का कहना था कि यदि कोई स्वदेशी रक्षा उत्पाद गुणवत्ता के 70 प्रतिशत मानक भी पूरे कर दे तो विदेशी साजोसामान के मुकाबले उसे वरीयता मिलनी चाहिए। अगर ऐसा किया जाए तो देश का धन देश से बाहर नहीं जाता और बिना किसी दूसरे देश की नीतिगत प्राथमिकताओं का दबाव झेले ऐसे रक्षा उपकरणों का अनवरत उत्पादन किया जा सकता है। उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे रक्षा उपकरणों का क्या ही लाभ, जिसके निर्माता देश के विभिन्न मामलों में नीतिगत दबाव भारत को झेलने पड़ें? जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है तो तकनीकी विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें असफलताओं से भी सीखने को मिलता है और समय के साथ खामियों को गहन अनुसंधान से दूर किया जा सकता है। चंद्रयान-2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 में किए गए सुधारों के चलते वह बेहद सफल रहा।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 26 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- चंद्रगुप्त प्रथम को 320 में पाटलिपुत्र का शासक बनाया गया।
- आज ही के दिन सन 1832 में पोलैंड के संविधान को हटाया गया।
- पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में अंग्रेजों के खिलाफ 1857 में पहला सैन्य विद्रोह।
- असम शाही परिवार को फिर से गद्दी दिलाने के प्रयासों के कारण 1858 में पियाली बरूआ और दीवान मणिराम दत्ता को फांसी पर चढाया गया।
- अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने 1863 में अमेरिकी मुद्रा अधिनियम पर हस्ताक्षर किये।
- जापान में सेना ने 1936 में तख्तापलट किया।
- वर्धा के निकट अरवी में स्थित विक्रम अर्थ सेटेलाइट स्टेशन 1972 में भारत के चौथे राष्ट्रपति वीवी गिरि ने देश को समर्पित किया।
- गुजरात के अहमदाबाद में 1975 में देश का पहला पतंग संग्रहालय 'शंकर केन्द्र' स्थापित किया गया।
- सद्दाम हुसैन ने कुवैत से अपने सैनिकों को 1991 में इराक़ी रेडियो पर वापसी की घोषणा की।
- आज ही के दिन सन 1993 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमले में छह लोग मारे गए थे और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे।
- कॉपीराइट मुद्दे पर 1995 में चीन तथा सं.रा. अमेरिका के मध्य समझौता।
- पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने 1999 में नया रिकार्ड बनाया।
- आतंकवादी संगठन तालिबान ने 2001 में अफगानिस्तान के बामियान में बुद्ध की दो विशाल मूर्तियों को नष्ट कर दिया।
- परमाणु परिशोधन पर 2006 में रूस और ईरान में समझौता।
- अल्जीरिया के राष्ट्रपति ने अरब देशों की बदलती राजनीतिक स्थिति के कारण देश में 19 साल पहले लगाए गए आपातकाल को 2011 में आधिकारिक रूप से समाप्त किया।

### 26 फ़रवरी को जन्मे व्यक्ति

- फ्रेंच लेखक विक्टर ह्यूगो का 1802 में जन्म।
- एक भारतीय प्रशासनिक अधिकारी और राजनीतिज्ञ बेनेगल नरसिंह राव का 1887 में जन्म।
- बांग्ला साहित्यकार लीला मजूमदार का 1908 में जन्म।
- अमेरिकी अर्थशास्त्री विलियम बौमॉल का 1922 में जन्म।
- ब्रिटिश अभिनेत्री मार्गरेट लीटन का 1922 में जन्म।
- इसरायली प्रधानमंत्री एरियल शेरॉन का 1928 में जन्म।
- अमेरिका के महान गायक जॉनी कैश का 1932 में जन्म।
- पत्रकार एवं साहित्यकार मृणाल पाण्डे का 1946 में जन्म।

### 26 फ़रवरी को हुए निधन

- सन 1712 में आज ही के दिन बहादुर दिल्ली का सातवाँ मुग़ल बादशाह शाह प्रथम का निधन।
- सन 1886 में आज ही के दिन गुजराती भाषा के युग प्रवर्तक माने जाने वाले रचनाकार नर्मद का निधन।

## विशेष आलेख

# महाशिवरात्रि : आत्मचिंतन और आध्यात्मिक जागरण का पर्व

**महाशिवरात्रि हमें जीवन की नश्वरता का बोध कराता है और आत्मा की अमरता का एहसास दिलाता है महाशिवरात्रि का पर्व हमें यह सिखाता है कि शिव केवल देवता नहीं, बल्कि एक चेतना, एक शक्ति और एक अस्तित्व का प्रतीक हैं। शिव में सम्पूर्ण ब्रह्मांड का सार है, जो हमें जीवन की अनित्यता को समझने और आत्मचेतना को जागृत करने की प्रेरणा देता है। इस महाशिवरात्रि पर शिव के ध्यान में लीन होकर आत्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग पर चलें।**



– संजय खाबिया



भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का पर्व एक विशेष आध्यात्मिक महत्व रखता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना, साधना और आत्मचिंतन का अनुपम अवसर प्रदान करता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। यह वही पावन रात्रि है जब भगवान शिव ने माता पार्वती से विवाह किया था और इसी रात को शिवलिंग के रूप में उनकी दिव्य ज्योति प्रकट हुई थी। इस पावन पर्व का उद्देश्य व्यक्ति को भौतिकता से परे आत्मजागरण और मोक्ष के पथ पर अग्रसर करना है।

महाशिवरात्रि का पौराणिक महत्व महाशिवरात्रि के संबंध में कई पौराणिक कथाएँ प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार, इस रात्रि में भगवान शिव ने भयंकर विष हलाहल को कंठ में धारण कर सृष्टि को विनाश से बचाया था, जिसके कारण उनका नाम नीलकंठ पड़ा। वहीं, एक अन्य कथा के अनुसार, इस रात्रि में शिवलिंग के रूप में भगवान शिव की ज्योतिर्लिंग स्वरूप में प्रकट हुए थे, जो आदि और अनंत की प्रतीक है। इन कथाओं के माध्यम से महाशिवरात्रि का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि दार्शनिक दृष्टिकोण से भी समझा जा सकता है।

महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और ध्यान का महत्वपूर्ण समय है। इसे तपस्या की रात्रि कहा जाता है, जब साधक भगवान शिव के ध्यान में लीन होकर आत्मशुद्धि का अनुभव करते हैं। यह रात्रि योग, ध्यान और साधना के माध्यम से मनुष्य को अपने भीतर झाँकने, आत्ममंथन करने और अपनी कमजोरियों को पहचानने का अवसर देती है। शिव की उपासना में मौन और ध्यान का विशेष महत्व है, जो मानव मन को स्थिरता और शांति प्रदान करता है। व्रत और पूजन की महिमा महाशिवरात्रि पर व्रत रखने और रात्रि जागरण करने का विशेष महत्व है। इस दिन श्रद्धालु उपवास रखते हैं और चार पहर की पूजा करते हैं। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल अर्पित करके शिवजी की कृपा प्राप्त की जाती है। माना जाता है कि महाशिवरात्रि का व्रत व्यक्ति के पापों को नष्ट करता है और उसे जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करता है। योग और ध्यान का पर्व महाशिवरात्रि योगियों और साधकों के लिए विशेष महत्व रखती है। योग गुरु सद्गुरु के अनुसार, यह रात्रि अपेक्षाकृत उच्च ऊर्जा वाली होती है, जिससे साधक को ध्यान में गहन अनुभव होता है।

इस दिन ध्यान करने से मन और आत्मा में संतुलन स्थापित होता है और व्यक्ति जीवन की गहरी समझ को प्राप्त करता है। महाशिवरात्रि की रात्रि में जागरण और ध्यान करने से आत्मचेतना में वृद्धि होती है और व्यक्ति को मोक्ष के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा मिलती है। समाज में महाशिवरात्रि का सांस्कृतिक महत्व भारत के विभिन्न राज्यों में महाशिवरात्रि को भिन्न-भिन्न रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत में शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और शिव बारात निकाली जाती है। काशी विश्वनाथ, उज्जैन के महाकालेश्वर और सोमनाथ जैसे प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में लाखों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। दक्षिण भारत में इस दिन विशेष अनुष्ठान और नृत्य-संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वहीं, नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर भव्य मेला लगता है।

महाशिवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसाक्षात्कार और आत्मजागरण का पर्व है। यह हमें जीवन की नश्वरता का बोध कराता है और आत्मा की अमरता का एहसास दिलाता है। भगवान शिव का वैराग्य और अद्वैत का सिद्धांत हमें भौतिकतावाद से ऊपर उठने की प्रेरणा देता है। इस पावन रात्रि में ध्यान, साधना और शिव की आराधना के माध्यम से हम आत्मशुद्धि और मोक्ष की ओर अग्रसर हो सकते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व हमें यह सिखाता है कि शिव केवल देवता नहीं, बल्कि एक चेतना, एक शक्ति और एक अस्तित्व का प्रतीक हैं। शिव में सम्पूर्ण ब्रह्मांड का सार है, जो हमें जीवन की अनित्यता को समझने और आत्मचेतना को जागृत करने की प्रेरणा देता है। इस महाशिवरात्रि पर शिव के ध्यान में लीन होकर आत्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग पर चलें। हर-हर महादेव।

# सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों से जुड़े हुए हैं प्रदर्शन कलाएँ और रंगमंच



–डॉ सत्यवान सौरभ

**मजदूर वर्ग को आजाद कराने और स्थापित सत्ता के खिलाफ क्रांति को मज़बूत करने के लिए 20वीं सदी की शुरुआत में नुक्कड़ नाटक का विकास हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य रूप से उपनिवेशवाद विरोधी युग के दौरान भारत में वामपंथी रंगमंच कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी। यद्यपि नुक्कड़ नाटक और लोक नाटक में कई समानताएँ हैं, लेकिन नुक्कड़ नाटक एक सीधा-सादा कलात्मक माध्यम होने के बजाय एक सहभागी सामाजिक संचार प्रक्रिया है। इस निबंध में सामुदायिक विकास के एक उपकरण के रूप में नुक्कड़ नाटक के कार्य और क्षमता की जांच की गई है, जो सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना चाहता है। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के तुरंत बाद, थिएटर उद्योग में महत्त्वपूर्ण उथल-पुथल हुई। अधिक लोकप्रिय फ़िल्म शैलियों से प्रतिस्पर्धा ने मनोरंजन थिएटर उद्योग को नुक़सान पहुँचाया। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बंगलौर जैसे प्रमुख शहरों में शौकिया रंगमंच का विकास हुआ।**

जैसे-जैसे क्षेत्रीय नाट्य परम्पराएँ विकसित हुई हैं, भारत का रंगमंच और प्रदर्शन कलाएँ सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक रही हैं। न्याय को बढ़ावा देने, सत्ता का विरोध करने और सामाजिक अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए रंगमंच एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है। बढ़ते क्षेत्रीय राष्ट्रवाद, राष्ट्र का प्रश्न और उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष की जटिल कथाओं ने क्षेत्रीय नाट्य परम्पराओं के विकास को प्रभावित किया है। उदाहरण के लिए, बंगाली नाटक नील दर्पण (1860) में बताया गया कि ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों का किस प्रकार शोषण किया जाता था। आधुनिक रंगमंच सांस्कृतिक उत्पादन के औपनिवेशिक मॉडलों और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रथाओं के प्रतिच्छेदन ने आधुनिक रंगमंच को आकार दिया है। रंगमंच सहित प्रदर्शन कलाएँ सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त साधन तथा चर्चा के लिए एक जीवंत मंच बनी हुई हैं। रंगमंच लंबे समय से भारत में जागरूकता बढ़ाने, सुधार और प्रतिरोध के लिए एक सशक्त साधन रहा है, जिसका प्रभाव राजनीतिक आंदोलनों के साथ-साथ सामाजिक संरचनाओं पर भी पड़ा है। शास्त्रीय रीति-रिवाजों से लेकर समकालीन नुक्कड़ नाटकों तक, इसने सामाजिक बदलावों को प्रतिबिंबित करने और प्रभावित करने के लिए कभी भी बदलाव करना बंद नहीं किया है। सामाजिक अन्याय को लंबे समय से रंगमंच के माध्यम से प्रकाश में लाया जाता रहा है। ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों के शोषण को 1860 में बंगाली थियेटर के नील दर्पण द्वारा सार्वजनिक किया गया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर नाटकों और लोक प्रदर्शनों के माध्यम से संगठित किया गया था। रंगमंच के माध्यम से, भारतीय जन रंगमंच संघ (इप्टा) ने 1943 में उपनिवेशवाद विरोधी भावना को बढ़ावा दिया। निम्न वर्ग के समुदाय रंगमंच के माध्यम से अपनी पहचान व्यक्त करने में सक्षम रहे हैं। दलित सशक्तिकरण और अम्बेडकरवादी दर्शन को भीम नाट्य (महाराष्ट्र) द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। रंगमंच का उपयोग भ्रष्टाचार को उजागर करने और नीतियों की आलोचना करने के लिए किया गया है। 1980 के दशक में, सफ़दर हाशमी के जन नाट्य मंच ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिनमें सरकारी नीतियों की आलोचना की गई; इसके कारण 1989 में उनकी हत्या कर दी गई। कानून और सामाजिक सुधार रंगमंच से प्रभावित हुए हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 में प्रकाशित पुस्तक सखाराम बाइंडर में महिलाओं के अधिकारों और घरेलू दुर्व्यवहार के खुलासे पर चर्चा के परिणामस्वरूप सख्त सेंसरशिप कानून बनाये गये। धार्मिक और सामाजिक परंपराएँ- प्राचीन रंगमंच की मज़बूत धार्मिक और सामाजिक जड़ें थीं। कुटियाट्टम (केरल) , जिसे 2001 में यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई थी, अभी भी संस्कृत रंगमंच की परंपराओं को क़ायम रखे हुए है।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



विनय मोहन शर्मा
( लेखक व कवि )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं कवि व लेखक श्री विनय मोहन शर्मा जी। जन्म अलवर राजस्थान में 8 अगस्त सन1955 को जन्में विनय मोहन शर्मा शुरू से ही संस्कारी और सरल रहे। शिक्षा स्नातक में हिंदी और संस्कृत भाषाएं थीं। सरकारी सेवा में फरवरी 1980 में आए। सर्वप्रथम जिला उद्योग केंद्र झालावाड़ जिले में नौकरी लगी जहां पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया। सबसे अधिक समय तक अलवर जिला उद्योग केंद्र में अपनी सेवा दी हैं और वहीं से सेवानिवृत हुए हैं। अपने व्यवार व सरलता के कारण पूरे कार्यालय में एक अलग स्थान बनाए हुए थे। आज भी वहां के लोग इन्हें याद करते हैं। कविताएं लिखने का शौक इन्हे 20 वर्ष की आयु से ही लग गया था जिसमें इन्होंने एक कविता प्रकृति वर्णन पर लिखी थी जिसका शीर्षक धानी चूनर पहन धरा भी था। यह कविता तत्कालीन लोकल समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। कविता पाठ सन् 2022 से शुरू किया है जिसमें ऑनलाइन आयोजित कवि सम्मेलन में शिरकत की और इन्हें कई प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं। अनेक कविताएं विभिन्न साझा काव्य संग्रहों में प्रकाशित हुई हैं। कविता के अलावा कुछ कहानियां भी लिखी गई हैं जो भी अनेक साझा कहानी संग्रह में में प्रकाशित हुई हैं। स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है राजनीतिक विज्ञान भी एक ऐच्छिक विषय था। स्नातक में संस्कृत विषय में विशेष योग्यता भी प्राप्त की है। इनका एकल काव्य संकलन एहसास के पल नीलम प्रकाशन से प्रकाशित भी हुआ है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

रूपक शर्मा

## 2025_055 a – बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | | | | | | | |
| 5 | | | 6 | 3 | 7 | 2 | | 1 |
| | | | 8 | 5 | 9 | | 6 | |
| 3 | | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | | 8 | | 6 |
| 2 | | | | 8 | 4 | | 9 | |
| 6 | | 3 | | | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | | | 1 | | | 6 | | |
| | 4 | | 3 | | | 7 | 1 | |

**Ans_2025_054**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

### वृष
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

### मिथुन
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

### कर्क
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

### सिंह
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी।

### कन्या
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### तुला
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

### वृश्चिक
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

### धनु
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

### मकर
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी।

### कुंभ
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

### मीन
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

# शिव बारात में शिवमय होकर झूमे शहरवासी

- युवाओं का उमड़ा हुजुम, शिव के जयकारो से गूंजा शहर
- अलवर से आए कलाकारो के नृत्य ने सभी का मन मोहा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर विकास समिति के तत्वावघान में महाशिव रात्रि पर्व के पावन पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमो की कड़ी में मंगलवार मालपुरा शहर में निकली भगवान शिव बारात की बारात से सम्पूर्ण शहरवासी झूम उठे।

श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर विकास समिति के तत्वावघान में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में महेश सेवा सदन से रवाना भगवान शिव की आकर्षक बारात को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी व नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने भगवा ध्वज लहरा कर रवाना किया। बारात बेण्डबाजो व डीजे की धुनो के साथ भगवान शिव की आकर्षक बारात रवाना हुई। बारात का मुख्य आकर्षण बने मुख्य आकर्षण बाबा जॉनी महाकाल आर्ट पार्टी क्लब अलवर के कलाकार गणो के रूप में भस्म नृत्य, अग्नि नृत्य सहित अन्य कई आकर्षक व रंगारंग प्रस्तुतियो पर सम्पूर्ण शहरवासी झूम उठे। बारात में युवाओं का हुजुम उमड़ा और भगवान शिव के जयकारो से शहर को गूंजायमान किया। भगवान शिव की बारात शहर के सभी मुख्य बाजारो से होते हुए ब्रह्म तालाब स्थित श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचा। जहां मन्दिर समिति के पवन जैन संगम, लेखराज सोनी, सत्यनारायण खारोल, सुनील कुशवाह, विष्णु पाठक व अन्य ने आरती कर धर्मलाभ प्राप्त किया। समिति के पवन जैन संगम ने बताया कि इसी क्रम में बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मन्दिर में विद्धान पण्डितो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना होगी। वहीं सायंकाल के समय सजीव झाकियो की प्रस्तुती, महाकाल चंग ताल के साथ संध्या आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण होगा।

**कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था :** मालपुरा के बाजारो में निकली भगवान शिव बारात को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। शिव बारात के आगे थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय दल के मौजुद रहे। जुलुस के आगे पीछे बीच में वर्दीधारी व सादी वर्दी में पुलिस के जवान तेनात रहे।

# आईफा अवॉर्ड-2025 राजस्थान में बॉलीवुड का जादू बिखेरने का सुनहरा मौका

## राजस्थान पर्यटन विभाग ने लॉन्च की 'पोज लाइक ए स्टार' सोशल मीडिया प्रतियोगिता




बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजस्थान ऐतिहासिक धरोहरों और समृद्ध संस्कृति के लिए मशहूर राजस्थान अब भारतीय सिनेमा के उत्सव में नई चमक जोड़ने जा रहा है। आईफा-2025 के तहत राजस्थान पर्यटन विभाग ने रोमांचक सोशल मीडिया प्रतियोगिता 'पोज लाइक ए स्टार'लॉन्च की है, जिसमें भाग लेकर सिनेमा प्रेमियों को आईफा-2025 का टिकट जीतने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सहायक निदेशक पर्यटन मधुसूदन ने बताया कि इस अनूठी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को राजस्थान के किसी प्रसिद्ध किले, महल, गलियों या सांस्कृतिक स्थलों पर बॉलीवुड के किसी प्रसिद्ध दृश्य या पोज़ को रीक्रिएट करना होगा। इस तस्वीर या वीडियो को अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर पोस्ट करना आवश्यक होगा। साथ ही, कैप्शन में रीक्रिएटिंग इंडियन सिनेमा मैजिक इन राजस्थान लिखना होगा।

**प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नियम :** राजस्थान टूरिज्म और आईफा को टैग करें। पोज लाइक ए स्टार, आईफा 2025, रुलाइट कैमरा राजस्थान हैशटैग का उपयोग करें। पोस्ट की गई तस्वीरें और वीडियो मौलिक होने चाहिए; कोई भी कॉपीराइट कंटेंट मान्य नहीं होगा। पोज़ ऐसा होना चाहिए जो राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा और सिनेमा की भव्यता को प्रदर्शित करे।

**टॉप 5 विजेताओं को मिलेगा आईफा-2025 का टिकट :** सहायक निदेशक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पांच विजेताओं को आईफा-2025 का टिकट जीतने का अवसर मिलेगा। विजेताओं का चयन उनके पोज़ की उत्कृष्टता, ऐतिहासिक स्थलों के रचनात्मक उपयोग और सोशल मीडिया पर लाइक्स, कमेंट्स एवं शेयर की संख्या के आधार पर किया जाएगा। मधुसूदन ने बताया कि राजस्थान, अपनी ऐतिहासिक विरासत और स्वर्णिम रेतीली भूमि के कारण न केवल पर्यटन के लिए बल्कि फिल्म शूटिंग के लिए भी एक आदर्श स्थल है। यहां के भव्य महल, किले और सांस्कृतिक स्थल कई प्रसिद्ध फिल्मों और वेब सीरीज का हिस्सा बन चुके हैं। यह प्रतियोगिता 'पोज लाइक ए स्टार' प्रतियोगिता राजस्थान को वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने के साथ-साथ भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों को जश्न मनाने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कैबिनेट मंत्री गहलोत का पुतला फूंका, किया जोरदार प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर विधानसभा में की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल के बाहर मंत्री गहलोत का पुतला फूंककर नारेबाजी करके विरोध प्रदर्शन किया। किसान नेता श्रीराम चैधरी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हटधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा कही गई अशोभनीय टिप्पणी निंदनीय है। इससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस नेता प्रदीप पारीक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जिनका लोहा पूरा विश्व मानता है उनके लिए ऐसी टिप्पणी करना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अहिंसा सर्किल पर कैबिनेट मंत्री गहलोत का पुतला फूंककर गहलोत मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में पार्षद शंकर घाटी, अनिल टेलर, त्रिलोक तिवाडी, पवन सांवलिया, विक्रमसिंह गुर्जर, आरीफ कुरेशी, अजहरुद्दीन कुरैशी, विनोद जायसवाल, इमरान कुरेशी, विजय शर्मा, मुकेश सुनारा, दिनेश गिंदोडी, निर्भय राम मीना , विक्रम छापोला एवं मनीष मीणा सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चोरी का सामान खरीदने वाले एक वर्ष से फरार दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा द्वौत्र की लाम्बाहरिसिंह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाईल टावरो के चोरी का सामान खरीदने वाले एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी लाम्बाहरिसिंह राजकुमार ने बताया कि बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिए अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल व वृताधिकारी मालपुरा आशिष प्रजापत के निर्देशानुसार वाछिंत अपराधियो की धरपकड़ करने के लिए थाना स्तर पर थाना प्रभारी के सुपरजीवन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसमें हैड कांस्टेबल भागचन्द द्वारा मय जाप्ता ने दर्ज प्रकरण में वाछिंत टावर में लगे उपकरणो के चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी आरोपी आसिफ खान पुत्र बसीर खान मुसलमान उम्र 28 साल निवासी भगवन्तपुर पुलिस थाना आनन्दपुर जिला विदिशा मध्यप्रदेश हाल निवासी प्लाट नं. 44ए काली कोठी दरबार स्कूल के पास झोटवाड़ा जयपुर व मोहम्मद शाहरूख पुत्र बल्लूखान मुसलमान उम्र 28 साल निवासी प्लाट नं. 11संजय नगर बी झोटवाड़ा पुलिस थाना झोटवाड़ा जिला जयपुर को प्रकरण हाजा में न्यायालय के प्रोडक्शन वारंट की पालना में उप कारागृह मालपुरा से गिरफ्तार कर प्रकरण में हुआ चोरी का माल मशरूका जप्त किया गया है। प्रकरण में अभी अनुसंधान जारी है।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर छतरी चौराहा स्थित शिव मंदिर में होगी विशाल भजन संध्या

## विशाल भजन संध्या में गायक नितिन मंगल, राहुल अग्रवाल, सोनू आदित्य मोदी, श्री अंबिका म्यूजिकल ग्रुप देंगे बेहतरीन प्रस्तुतियां



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में शहर के छतरी चौराहे स्थित शिव मंदिर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। भगवान शिव भक्त प्रेमचंद माली ने जानकारी में बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व एवं मेला भव्य रूप से छतरी चौराहे के शिव मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष पर भक्तगण श्रद्धालुओं के लिए जल एवं रोशनी और अल्पाहार आदि की पूर्ण व्यवस्था मंदिर कमेटी सदस्यों द्वारा रखी गई है । प्रेमचंद माली ने यह भी बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को प्रातः 9.00 से मेला प्रारंभ होकर संध्या तक बना रहेगा । इस मौके पर ध्वज मुख्य बाजार में भ्रमण करते हुए अर्पण किया जाएगा। तो वही 27 फरवरी गुरुवार को मंदिर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। शिवरात्रि पर्व के मध्य नजर छतरी चौराहे स्थित शिव मंदिर के मार्ग को आवागमन हेतु सुविधा युक्त करवाया गया है। शिवरात्रि के उपलक्ष पर 26 फरवरी बुधवार को भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। जानकारी में बताया कि भजन संध्या श्री श्याम भजन संध्या एवं शिव भजन संध्या और श्री श्याम परिवार संस्था द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां पेश की जाएगी। 27 फरवरी गुरुवार को मेला ध्वजार्पण प्रातः 9 बजे से दोपहर सवा तीन बजे तक जारी रहेगा। महाशिवरात्रि पर्व कार्यक्रम में समस्त शिव मंडल छतरी चौराहा देवली द्वारा बढ़-चढ़कर सेवाएं दी जाएगी।

# माली समाज की ओर से आज निकाला भव्य कलश यात्रा का जुलुस

## जलदाय मंत्री व पालिकाध्यक्ष रहेगें अतिथियो के रूप में मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** माली समाज मालपुरा के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल एवं भव्य कलश यात्रा का जुलुस बुधवार 26 फरवरी को निकाला जाएगा। माली समाज के महामंत्री राजेन्द्र माली ने बताया कि बुधवार 26 फरवरी बुधवार को पुरानी तहसील स्थित घाट के बालाजी के मन्दिर से प्रातः 9 बजे विशाल एवं भव्य कलश यात्रा रवाना होगी। यह कलश यात्रा शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर पुरानी तहसील स्थित मालियो की बगीची पहुंचेगी। यहां समाज के भामाशाहो, दानदाताओं व सहयोगकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। वहीं सायंकाल संध्या आरती व सामूहिक प्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह क्षैत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी व नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सम्मानीय अतिथि के रूप में शिरकत करेगें।

# दादा गुरूदेव का दो दिवसीय 692वां स्वर्ग जयन्ती समारोह आज से होगा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के टोडा रोड स्थित श्री जिन कुशल सूरी जैन दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर खतरगच्छ संध के तत्वावधान में दादा गुरूदेव का 692वां दो दिवसीय स्वर्ग जयन्ती समारोह व भव्य मेले का शुभारम्भ 26 फरवरी को होगा। संघ अध्यक्ष प्रकाशचन्द लोढ़ा,महामंत्री देवेन्द्र कुमार मालू व सांस्कृतिक मंत्री राजकुमार बेगानी ने संयुक्त रूप से बताया कि संजय कुमार संगीता,राजीव कुमार वर्षा, रिषभ रूचि,नमन बदलिया परिवार व पूजा सौमिल, रेयान, पूर्वी रिषभ, आरती अशोक सुराणा परिवार निवासी कोलकाता के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय मेले का बुधवार 26 फरवरी को होगा। जिसमें बुधवार को प्रातः 10 बजे दादा गुरूदेव की पंच कल्याणक पूजा व रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में भजन गायक लवेश बुराड़, वैभव बागमार व मोहित बोथरा सहित अन्य कई कलाकार सम्पूर्ण रात्रि भजन प्रस्तुत करेगें। उन्होंने बताया कि मेले के दूसरे व अन्तिम दिन दिन 27 फरवरी गुरूवार को सुबह 6.30 बजे भक्तामर पाठ, 8 बजे नकारसी, 8.30 बजे पक्षाल पूजन, 9 बजे स्नात्र पूजा व 10.30 बजे दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा के साथ मेले का समापन होगा।

# नायब तहसीलदारो ने संभाला क्षैत्र की नवगठित नगरपालिकाओ के ईओ का चार्ज



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र की नवगठित लाम्बाहरिसिंह व डिग्गी नगरपालिकाओ के अधिशासी अधिकारी के पद का अतिरिक्त कार्यभार सम्बन्धित क्षैत्र के नायब तहसीलदारो ने संभाला। मंगलवार को स्वायत शासन विभाग की ओर से आदेशो की पालना में नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह के अधिशासी अधिकारी पद का कार्यभार नायब तहसीलदार मालपुरा जयसिंह ने तथा नगरपालिका डिग्गी के अधिशासी अधिकारी के पद का अतिरिक्त कार्यभार नायब तहसीलदार डिग्गी हंसराज जाट ने संभाल लिया। दोनो नायब तहसीलदारो को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने कार्यभार पत्र सौंपा। गौरतलब है कि क्षैत्र की दोनो ग्राम पंचायतो को नगरपालिका में क्रमोन्नत किए जाने के बाद से ही अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था। पद रिक्त होने के चलते विकास कार्य अवरूद्ध होने के साथ साथ कई तरह के प्रशासनिक कार्य भी ठप्प पड़े हुए थे। अब दोनो नगरपालिकाओ में अधिशासी अधिकारी लग जाने से सम्बन्धित क्षैत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। वहीं इस समय नगरपालिका मालपुरा के अधिशासी अधिकारी के पद का अतिरिक्त कार्यभार भी उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के पास है। साथ ही विभागीय आदेशो के अनुसार नगरपालिका टोडारायसिंह के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार तहसीलदार टोडारायसिंह राहुल पारीक को सौंपा जाना है।

## नगर परिषद ने सफाई व्यवस्था को लेकर शुरू किया अभियान

# सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए डोर टू डोर किया जा रहा कचरा संग्रहण का कार्य



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नगर परिषद सवाई माधोपुर की ओर से क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने एक आदेश जारी कर कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिए है।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई अभियान चलाया गया है जिसके तहत सभी वार्डों में जमादारों को प्रभारी नियुक्त कर सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए है। क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए ऑटो टिपर द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने सफाई व्यवस्था के लिए संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक एवं जमादारों को मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं। आयुक्त द्वारा संबंधित स्वास्थ्य एसआई से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि संबंधित वार्ड पार्षद से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील भी की है ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# टोंक में अब सर्दी का असर हुआ कम:धूप में तेजी होने से बढ़ने लगा तापमान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** टोंक जिले में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी सर्दी का असर कम रहा। सुबह से ही सर्द हवा का असर सोमवार के मुकाबले मंगलवार को कम रहा। इसके चलते फिर से मौसम में ठंड का असर कम रहा। सुबह से ही मौसम साफ रहा, तेज धूप का असर रहा। इसके चलते समय के साथ गर्मी बढ़ती गई। इससे अधिकतम तापमान भी 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार है, जबकि न्यूनतम तापमान एक ही रात में 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। इस बदलते मौसम के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी कम-ज्यादा हो रहा है। अधिकतम तापमान सोमवार के मुकाबले मंगलवार को 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार है। वहीं 24 घंटे में ही न्यूनतम तापमान भी 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जबकि इससे पहले न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस बुडानिया ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुढ़ानिया ( आईएएस) ने मंगलवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का ग्राम पंचायत बह0 खुर्द एवं छाण में औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा मौके पर महा0 गांधी नरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बह0 खुर्द में नवीन तलाई खुदाई कार्य प्रहलाद माली के खेत नहर के पास का निरीक्षण किया गया जहॉ उन्होने वन टू वन श्रमिकों से संवाद किया साथ ही किये गये कार्य की टास्क के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होने मस्टरोल की जॉच की जिसमें कुल 41 श्रमिक उपस्थित मिले, इस दौरान सीईओ बुडानिया ने मेट अनिता सैनी से श्रमिको के भुगतान, श्रमिको को दिये जाने वाले कार्य के संबंध में जानकारी ली, ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी को कार्य-स्थल पर श्रमिकों को आवश्यक सुविधाओ के संबंध मे निर्देष प्रदान किये साथ ही योजना के समयबद्व क्रियान्वयन हेतु विकास अधिकारी खण्डार को निर्देष दिये। इस दौरान उन्होने विभाग द्वारा चलाये गये अन्य विकास कार्यो का भी भौतिक निरीक्षण कर योजनाओ में प्रगति लाने के दिशा-निर्देश दिये।

# राजधानी में गरीबों के राशन में फिर से ठेकेदार पर सरकारी मेहरबानी

## पुराने ठेकेदार ने फिर से चालू कर दी गड़बड़ी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** खाद्य विभाग कयी प्रयासों के बाद भी राजधानी में राशन की चौपट हुई व्यवस्था को सही करने में विफल हो रहा है। गौर तलब है कि कुछ माह पूर्व खाद्य विभाग द्वारा राजस्थान राज्य खाद्यान्न एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के परिवहन टेंडर में गड़बड़ी बताकर परिवहन ठेको की नई व्यवस्था की थी परंतु राजधानी जयपुर में गरीबों को राशन पहुंचाने की व्यवस्था में सुधार होने की जगह राशन व्यवस्था चौपट होती जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रावधान है कि पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह समय पर गेहूं उपलब्ध कराया जाए इसके लिए सरकार द्वारा गेहूं की सप्लाई के लिए समय चक्र निर्धारित किया गया है एवं एक माह पूर्व ही राशन की दुकानों पर गेहूं पहुंचने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है परंतु राजधानी में गेहूं निरंतर देरी से राशन की दुकानों पर पहुंच रहा है जिसकी मुख्य कारण एक ही ठेकेदार पर खाद्य विभाग की विशेष मेहरबानी है बताया जा रहा है कि अलवर जिले का एक ठेकेदार पूरे विभाग के लिए सर दर्द बना हुआ है पहले जिले में प्रबंधक से मिली भगत कर बिना सिक्योरिटी जमा करें ही जयपुर जिले में राशन का ठेका ले लिया और समय पर गेहूं नहीं पहुंचने के कारण विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने पर कार्य अधूरा छोड़कर गरीबों के हितों पर कुटराघाट कर दिया जिसके कारण रसद विभाग ने आनन फानन में अलवर के ठेकेदार भारत लाल शिव सहाय एवं सांस की सिक्योरिटी जप्त कर ली परंतु ठेकेदार के ऊंचे रसुक के चलते हुए सिक्योरिटी जप्त किए जाने के बाद भी आरटीपी एक्ट के अधीन उक्त फर्म को डीबार/ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया।

नयी बीजेपी सरकार बनने के बाद खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने राजस्थान राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड से परिवहन व्यवस्था हटाकर जिला रसद अधिकारियों को दे दी गई परंतु इससे भी राजधानी जयपुर में खाद्य सुरक्षा के गेहूं पहचाने में कोई सुधार नहीं हुआ बताया जा रहा है कि वर्तमान में फिर से अलवर के ठेकेदार को ही गेहूं उठाव का कार्य दे दिया गया। बताया जा रहा है कि अलवर की फर्म के पास गेहूं उठाने के लिए आवश्यक वाहन भी उपलब्ध नहीं है तथा एक ही वाहनों को जयपुर अलवर और बीकानेर के टेंडर में दिखाकर टेंडर लिया जा रहा है। पूर्व में बीच में ही फर्म ने जयपुर जिले का कार्य बंद कर दिया गया था ऐसे में विभाग की पारदर्शिता पर एवं नवीन व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो गया है। राजधानी जयपुर जिले में एक ही ठेकेदार को



बार-बार गड़बड़ किए जाने पर भी कार्य दिए जाना संदेह उत्पन्न करता है।

अलवर की ठेकेदार पर मेहरबानी का आलम यह है कि राजस्थान राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम से जब्त सिक्योरिटी और बकाया परिवहन बिलों का भुगतान फॉर्म को नहीं दिया गया है और सूत्रों के माने तो फाइल खाद्य मंत्री द्वारा भी भुगतान से मना कर दिया गया है ऐसे में बिना जांच परख के राजधानी में जहां सरकार चलती है गरीबों के राशन पहुंचने के संवेदनशील टेंडर में दोषी फॉर्म को कार्य दिया गया है। इसमें कहीं बड़े लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## प्रेस प्रीमियर लीग 2025
## दूसरे दिन फर्स्ट इंडिया रही विजेता




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित प्रेस प्रीमियर लीग-2025 में मंगलवार को गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गृहराज्य मंत्री बेढ़म ने ग्राउण्ड पर खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए लीग की सराहना की। उन्होनें कहा कि आज के दौर में ऐसे आयोजन आवष्यक है जिससे हमारी मानसिक थकान दूर हो सके एवं अपने कार्य को नई उर्जा से किया जा सके। इस दौरान बेढम ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय करते हुए खेल का आनंद भी लिया। इससे पहले पूर्व मंत्री और स्थानीय विधायक कालीचरण सराफ ने भी लीग में पहुंचें। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ एवं महासचिव योगेन्द्र पंचौली ने बताया कि मंगलवार को इंस्पायर क्रिकेट ग्राउण्ड लाल कोठी में फर्स्ट इण्डिया बनाम प्रेस क्लब रॉयल के बीच मैच खेला गया।

प्रेस क्लब रॉयल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ऑवर में 102 रन बनाएं लक्ष्य का पीछा करने उतरी फर्स्ट इण्डिया ने 14.2 ऑवर में 106 रन बना कर जीत दर्ज की।

## समुदाय विशेष से जोड़ना अनुचित, बिजयनगर की घटना निंदनीय-मुहम्मद नाज़िमुद्दीन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के बिजयनगर (ब्यावर ज़िला) में स्कूली छात्राओं के साथ हुई घटना को लेकर जमाअते इस्लामी हिन्द, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ती ऐसी घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं, जिन पर नियंत्रण पाने के लिए समाज और सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है।उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले को बार-बार समुदाय विशेष से जोड़ने और आरोपियों की पहचान उजागर करने की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित है। उनका कहना है कि अपराधी कोई भी हो, उसे उसके समुदाय से जोड़ना गलत है। जब तक न्यायालय किसी को दोषी नहीं ठहराता, तब तक उसे अपराधी कहना उचित नहीं है।नाज़िमुद्दीन ने यह भी कहा कि यदि कोई युवा आरोपी है, तो उसके परिवार को सजा नहीं दी जा सकती। इसी तरह, इस घटना को आधार बनाकर मस्जिद और क़ब्रिस्तान को नोटिस जारी करना या उनके गेट को सील करना भी न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसी घटनाओं को साम्प्रदायिक दृष्टि से देखने के बजाय कानून और न्याय प्रक्रिया में विश्वास रखें।

## फर्जी और डमी अभ्यर्थियों की पहचान के लिये संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी कड़ी नजर : एडीएम

**एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू आयोजन के दिये निर्देश**



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं परीक्षा नोडल अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढ़ंग से संपन्न कराने के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंगलवार को स्ट्रॉन्ग रूम के निरीक्षण के दौरान एडीएम ने परीक्षा से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता, पेपर और ओएमआर शीट की सुरक्षा एवं गोपनीयता, कानून व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन, परीक्षार्थियों की सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये परीक्षा केंद्रों, स्ट्रॉन्ग रूम एवं संग्रहण केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की पहचान सत्यापित करने एवं फर्जी अभ्यर्थियों की पहचान करने हेतु हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं बायोमैट्रिक तथा फेस रेकग्निशन व अन्य आधुनिकतम उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जायेगा।

उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिये। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवांछित गतिविधियों को रोकने के लिये कड़ी चौकसी बरती जायें। एडीएम ने स्ट्रॉन्ग रूम से परीक्षा केंद्रों तक परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन के लिये विशेष निर्देश देते हुये पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिये।

## वृहद वृक्षारोपण अभियान में आमजन कि सहभागिता सुनिश्चित करते हुए लक्ष्यानुरूप पौधारोपण सुनिश्चित करें : जिला कलक्टर

**जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित**


बढ़ता राजस्थान





**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।बैठक के दौरान राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने की दृष्टि से 'हरियालो-राजस्थान मिशन' के अन्तर्गत आगामी मानसून ऋतु में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्य करने हेतु एक्शन प्लान बनाने के संबंध में चर्चा कर जिले को मिले 15 लाख पौधारोपण के लक्ष्यानुरूप विभागवार वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटित किए गए एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए.जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि हरियालो राजस्थान अभियान में सभी विभाग जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधारोपण कर उनकी देखभाल करते हुए हरित राजस्थान के सपने को साकार करें। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ उनकी वर्षभर देखभाल व सुरक्षा की जिम्मेदारी से ही हरित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा। पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी होगी।बैठक के दौरान वृक्षारोपण हेतु भूमि का चयन, पौधों की उपलब्धता, नर्सरियों में प्लांटेशन, उनकी देखभाल हेतु तारबंदी, ट्री गार्ड व फेंसिंग, पानी की व्यवस्था, सीएसआर के माध्यम से वृक्षारोपण, सड़कों के किनारे उपयुक्त स्थान पर पौधारोपण पर चर्चा कर सीआईएसएफ, इको ग्रीन क्लब, एनजीओ, स्काउट, गाइड, सरकारी संस्थाओं, किसानों व आमजन की सहभागिता पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए. उन्होंने किसानों के लिए फलदार व कमर्शियल पौधे तैयार कर उपलब्ध करवाने एवं खेतों की डोलियों (सीमा) पर लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों, कार्यालयों, सीएचसी, पीएचसी, पुलिस चौकियों, स्कूल्स में अधिकाधिक पौधारोपण करें, अधिकारी अपने कर्मचारियों व शिक्षक बच्चों को प्रोत्साहित करें एवं ग्राम पंचायत को लक्ष्य आवंटित कर अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु जागरूक करें।इस दौरान डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा ने समस्त विभागों को वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटित करते हुए अभियान कि सम्पूर्ण जानकारी दी. बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट एवं वन विभाग से डीएफओ जयपुर नॉर्थ देवेन्द्र प्रताप जागावत, आईएफएस कव्या, एसीएफ तरुण यादव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राजस्थान मीडिया एसोसिएशन की घोषणा
### फारूख आफरीदी व दीपक शर्मा जयपुर संयोजक व सुरेश मोमिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य









बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर राजस्थान मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर शर्मा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार औदिच्य मिडिया को मजबूत करने के लिए और चोथे स्तंभ की मर्यादा को बरकरार रखने के राजधानी जयपुर संयोजक के पद पर सेवा निर्वतमान जनसम्पर्क संयुक्त निदेशक, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी,लेखक, पत्रकार, व्यंग्यकार,मुख्य वक्ता, साहित्य सृजनकर्ता फारुख आफरीदी को मनोनीत किया है ।इसी कड़ी में सात संयोजक नियुक्त होने है जिसमें जयपुर के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा को जयपुर संयोजक के पद पर मनोनीत किया गया है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के लिए झालरापाटन निवासी सुरेश मोमिया को नियुक्त किया है।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार औदिच्य ने बताया कि शीघ्र सम्पूर्ण प्रदेश के जिलों व में रिक्त चल रहें स्थानो पर नियुक्ती कर संगठन को मजबूत कर पत्रकारों की सुरक्षा तथा लम्बे समय से चली आ रही पत्रकार हितों की मांग को लेकर कदम उठाए जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार औदिच्य ने पत्रकारों पर हो रहे झूठे व बेबुनियाद मुकदमे को लेकर चिन्ता जताते हुए संगठन के माध्यम से इस ओर प्रयास करते हुए पत्रकार की रक्षा में अहम् भूमिका निभाई जायेगी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर को अव्वल बनाने के लिए सुनिश्चित हों हर संभव प्रयास

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत जागरुकता अभियान के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अभियान से जुड़े हितधारकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। साथ ही जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था एवं कचरा निस्तारण व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाने एवं सभी निर्धारित मानकों का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अधिकारियों को अपने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं वेस्ट टू वंडर थीम पर यथासंभव कचरे का रचनात्मक निस्तारण अथवा पुनःउपयोग करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को शहर में पर्याप्त संख्या में कचरा पात्र रखने एवं उनके रखरखाव की उचित व्यवस्था करने, कच्ची बस्तियों में सफाई, खुले में शौच के प्रतिबंध की पूर्णतः पालना करवाने, नालों की सफाई करवाने, कचरा पॉइंट से समय-समय पर कचरे का उठाव करवाने, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त जयपुर नगर निगम ग्रेटर श्रीमती रुक्मणी रियार, आयुक्त जयपुर नगर निगम हैरिटेज श्री अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कोचिंग संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित अन्य हितधारकों ने शिरकत की।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन, 210 बच्चे लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोनेड़ा पर शिविर का आयोजन बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से चिन्हित 210 बच्चों का विषय विशेषज्ञों द्वारा आबीएसके टीम के सहयोग से उपचार किया गया। इस दौरान स्कीन रोग के 58, नेत्र रोग के 53, ईएनटी के 42, दन्त रोग के 28, स्त्री रोग के 29 बच्चों का ईलाज किया गया। शिविर में डॉ. दीपक सैनी, डॉ. सीना मीणा, डॉ. विक्रम यादव, डॉ. मन्जू मौर्य, डॉ. प्रकाश सैनी, डॉ. योगिता कुमावत, डॉ. रवि शंकर डीगवाल, फार्मासिस्ट सीताराम सैनी व राजेन्द्र स्वामी आदि द्वारा बच्चों को परामर्श एवं उपचार किया गया।

कैम्प के समापन पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, सीएचसी प्रभारी डॉ. मनोज सांखला व बीपीएम विजय तिवाड़ी ने टीम के सदस्यों एवं सहयोग करने वाले शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

## मदरसा छात्रों का पहला खेल महोत्सव उमंग 2025 जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रविवार, 23 फरवरी 2025 को पहले जिला स्तरीय मदरसा खेल महोत्सव 卐उमंग 2025卐 का आयोजन किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध की पहल पर हुए इस कार्यक्रम में जिले भर के मदरसा बोर्ड, जयपुर से पंजीकृत मदरसों के विभिन्न 14 ग्रुप से लगभग 450 बच्चों ने खो खो, रूमाल झपट्टा, कबड्डी, रस्साकशी, 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, लंबी कूद सहित 14 खेल प्रतियोगिताओं में बड़े उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अभिषेक सिद्ध द्वारा मशाल जलाकर की गई।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए गए। ग्रुप-9 की टीम से रय्यान ने लंबी कूद में रजत पदक जीता, जबकि राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी गुलफाम नागोरी को विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।इस मौके पर अभिषेक सिद्ध ने बताया कि यह महोत्सव छात्रों के आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करेगा। निर्णायक मंडल में डॉ. गफ्फार अली और हरेंद्र कुमार शामिल रहे। स्वागत समिति में सुनीता बर्मन, चेतना चौधरी आदि ने सहयोग किया। यह आयोजन मदरसा छात्रों के लिए ऐतिहासिक रहा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का हौसला मिलेगा।

## लालकोठी योजना में पीएचक्यू से सहकार मार्ग से लक्ष्मी मंदिर चौराहा तक सड़क सीमा में हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण में जोन पीआरएन-साउथ में षिव विहार विस्तार के भूखण्ड संख्या-31 जनक पैराडाईज में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 04 अवैध दुकानें, टीनषेडनुमा स्ट्रेक्चर को ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-3 में लालकोठी योजना पुलिस हैड क्वार्टस मोड से सहकार मार्ग से लक्ष्मी मंदिर चौराहा तक रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित षिव विहार विस्तार के भूखण्ड संख्या-31 जनक पैराडाईज में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 04 अवैध दुकानों के लिए बनी सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, टीनषेडनुमा स्ट्रेक्चर व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-03 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लालकोठी योजना पुलिस हैड क्वार्टस मोड से सहकार मार्ग से लक्ष्मी मंदिर चौराहा तक रोड़ सीमा में करीब 50 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से लगाये गये थडी, ठेलें, तिरपाल, बांस तम्बू इत्यादि किये गये अतिक्रमणों को आज जोन-03 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

# "टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के रोगियों को लिए वरदान साबित हो रहे है नि-क्षय मित्र"

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीयों के साथ कार्यशाला, जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा विभाग के चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारीयों बैठक ली गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान व 100 दिवसीय केम्पेन के अन्तर्गत स्क्रीन होने वाले रोगीयों की नि:शुल्क जॉच कर उपचार के लिए नि:शुल्क दवाईयॉ दी जाती है की समीक्षा की जिसमें सामने आया कि रोगीयों को दी जाने वाले पोषक खाद्य सामग्री नि-क्षय मित्र के माध्यम से दी जाती है। उन्होने बैठक में उपसिथत सभी विभागीय अधिकारीयों, चिकित्सा अधिकारीयों एवं कार्मिको को नि-क्षय मित्र बनने की अपील की ताकि रोगीयों को पोषटीक खाद्य सामग्री मिल और वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। टीबी रोगीयों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाहों के माध्यम से सभी टीबी रोगीयों को नि:शुल्क पोण किट् उपलब्ध करवाया जाता है। झालावाड़ जिले में भी भामाशाहो के माध्यम से रोगीयों के लिए पोषण किट् वितरित किये जा रहे है। अधीक्षण अभियंता मुकेश मीणा 201 किट्, डॉ. नरेश अग्रवाल अध्यक्ष अरीसदा झालावाड़ द्वारा 101 किट्, शैलेन्द्र यादव द्वारा 101 किट्, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारी व कार्मिकों द्वारा 60 किट्, प्रधान झालरापाटन श्रीमती भावना झाला द्वारा 51 किट्, पूर्व विधायक कन्हैयालाल पाटीदार द्वारा 51, डॉ. मुकेश बंसल जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा 21 किट्, डॉ. एचत्रपी.लकवाल पीएमओ चन्द्रावती जिला चिकित्सालय झालरापाटन द्वारा 21 किट्, डॉ. गौरव गौत्तम चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रायपुर द्वारा 21 किट् रोगीयों के लिए दिये। साथ ही जिले के विभिन्न विभागों अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कार्मिको भी रोगीयों को पोषक सामग्री देने के लिए नि-क्षय मित्र बने है। टी.बी. कार्यक्रम के अन्तर्गत वनरेबल पॉपूलेशन के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। पोर्टेबल एक्स-रे के माध्यम से व्यक्तियों का एक्स-रे, एक्स-रे में एबनॉरमलटी पाये जाने वाले मरीजों का स्पूटम सेम्पल कलैक्ट कर नॉट करवाये जा रहे है। जिले में लगने वाले किसान शिविर एवं शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मुकेश बंसल, द्वारा मरीजों को टीबी रोग के प्रति जागरुक किया जाता है। साथ ही जागरुकता हेतु टीबी रोग की आईईसी का प्रदर्शन भी किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया अभी तक जिन भी भामाशाहो ने नि-क्षय मित्र बन रोगीयों को पाषण सामग्री किट् उपलब्ध करवायें है उनका आभार एवं जिला प्रशासन व चिकित्सा विभाग जिले के आमजन से अपील करते है कि नि-क्षय मित्र बनने एवं टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर मुहिम को सफल बनाऐं। साथ ही सभी आमजन से अपील करते है कि वे दो सप्ताह से अधिक की खांसी होने पर तुरन्त अपने नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जॉच अवश्य करवायें।

## विधायक ने राजस्थान में पंचायतीराज, शहरी निकाय एवम् सहकारिता विभाग संबंधी जनप्रतिनिधियों के तीन संतान होने पर चुनाव लडने पर पाबंदी के नियम को हटाने की मांग रखी

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र में स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से राजस्थान में पंचायतीराज, शहरी निकाय एवम् सहकारिता विभाग संबंधी जनप्रतिनिधियों के तीन संतान होने पर चुनाव लडने पर पाबंदी के नियम को हटाने की मांग रखी। स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए विधायक आक्या ने सरकार से, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव जी देवनानी से, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जी व संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम जी पटेल से विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए यह मुद्दा उठाया की राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं, शहरी निकायों एवं सहकारिता विभाग में जो भी चुनाव होते हैं उसमें दो संतान से अधिक होने पर चुनाव लडने पर पाबंदी है जबकि विधायक एवम् सांसद तो दो संतान से अधिक होने पर भी चुनाव लड़ सकते हैं। विधायक आक्या ने मुद्दा उठाते हुए सरकार से मांग की है कि दो संतान से अधिक होने पर चुनाव लडने पर पाबंदी को हटाई जानी चाहिए ताकि अच्छे जनप्रतिनिधि पंचायतीराज, शहरी निकायों व सहकारिता संस्थानों में चुनकर आ सके और संस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर सके। विधायक आक्या ने कहा कि या तो सरकार विधायकों एवम् सांसदों पर भी यह नियम लागू करें कि जिनके भी दो से अधिक संतान है तो वे भी चुनाव नहीं लड़ पाए या फिर पंचायती राज संस्थाओं, शहरी निकायों व सहकारिता संस्थानों में जो राइडर लगा हुआ है, जो रोक लगी हुई है उसको हटाए। विधायक आक्या के प्रस्ताव पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल जवाब देते हुए कहा कि विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने जो मुद्दा उठाया है वह एक बहुत गंभीर विषय है और पूरे राजस्थान के जनप्रतिनिधियों से एवम् पूरे राजस्थान के आमजन से जुड़ा हुआ है।

ऐसे में सरकार इस मामले में गंभीर है और सरकार विधायक आक्या द्वारा उठाए गए प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए इस पर आवश्यक विचार विमर्श करेगी।

## कांग्रेस के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के नेता आज बूंदी में

### आरजीपीआरएस प्रदेश अध्यक्ष एवं बूंदी विधायक करेंगे सर्वोदय शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर दिनांक 26 व 27 फरवरी को शगुन मैरिज गार्डन, नैनवा रोड बूंदी में आयोजित होगा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन बूंदी के जिला अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया की सर्वोदय संकल्प शिविर का प्रारंभ प्रात: 9 बजे राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीबी यादव, संगठन राजस्थान प्रभारी रीना वाल्मीकि, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, संगठन प्रदेश महासचिव केशव तिवारी व संभाग प्रभारी दशरथ सिंह मीणा शुभारंभ करेंगे। 2 दिवसीय सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न व्याख्यान, संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित कि जायेगी जिसमें बूंदी जिले के सभी कांग्रेस जन शिविर में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। साथ ही शिविर में स्वतंत्रता आंदोलन एवं आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका के बारे में जानकारी दी जाएगी! शिविर में बूंदी जिले के अलावा कोटा, बारा, झालावाड़ व टोंक जिले के भी कांग्रेस जन शामिल होंगे।

## एएसआई सूरज कुमार को उदयपुर रेंज आई.जी.पी राजेश मीणा ने किया उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** ग्रह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देश पर मंगलवार को उदयपुर पुलिस लाईन के सभागार में पुलिस अधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा कोतवाली पुलिस थाना में पदस्थापित सहायक उपनिरीक्षक सूरज कुमार को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इसी के साथ आई.जी.पी मीणा ने एएसआई सूरज कुमार सहित उदयपुर रेंज के कुल 19 पुलिस अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार एएसआई सूरज कुमार अपनी 20 वर्ष की बेहतरीन पुलिस सेवा में रहते हुए उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित होने के लिए चयनित हुए थे। वह पूर्व में करीब तीन सौ से अधिक बार सम्मानित हो चुके है।समारोह के दौरान उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल सहित कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## राजकीय विद्यालय पांडोली स्टेशन में प्री-बोर्ड परीक्षा का सुनियोजित हो रहा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांडोली स्टेशन का मंगलवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण कर मार्गदर्शन के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षैत्र कपासन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांडोली स्टेशन विद्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में पाया की राजकीय विद्यालय पांडोली स्टेशन में उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं हेतु प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन संस्था प्रधान ममता बियानी के निर्देशन में सुनियोजित किया जा रहा है।इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा द्वारा मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इधर राजकीय विद्यालय पांडोली स्टेशन प्रधानाचार्य ममता बियानी ने बताया कि विगत एक माह से परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु बोर्ड परीक्षा के लिए नियमित अभ्यास एवं कमजोर छात्रों के लिए विशेष अभ्यास कार्य विषय अध्यापको द्वारा कराया जा रहा है।जिससे विधार्थियों मे परीक्षा के प्रति तनाव कम हो तथा विद्यार्थी अच्छे अंको से उतीर्ण हो सके।

## मोबाइल वैन द्वारा ताल्लुका कपासन क्षेत्र में आगामी लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन क्षेत्र में सोमवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित मोबाइल वैन के माध्यम से विधिक सेवा,योजनाएं एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च 2025 द्वितीय शनिवार को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।मोबाइल वैन से कपासन न्यायालय परिसर से भूपालसागर एवं कपासन ताल्लुका क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक गांव व ढाणी तक विधिक सेवाओं एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

# गायत्री मंत्र,वेदमन्त्रों के साथ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज को मिला दूसरा देहदान

## 300 से अधिक भावी आयुर्वेद चिकित्सकों ने नत- मस्तक होकर स्वीकार किया देहदान

बढ़ता राजस्थान





**झालावाड़ ( नि.स. )।** मेरा जन्म वाहे गुरू जी का दिया हुआ,मेरी मृत्यु के बाद भी मेरा शरीर समाज या देश के काम आ सके यही मेरा सौभाग्य होगा । ऐसी सोच थी,स्टेशन रोड निवासी,रेल्वे विभाग से सेवानिवृत सरदार ओम प्रकाश सिंह की। सेवा को पूजा मानने वाले सरदार ओमप्रकाश काफी मेहनती, ईमानदार और निस्वार्थ भाव से जीवन बिताने वाले व्यक्ति थे । बीते 15 दिन से ओमप्रकाश जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था, उन्होंने देहदान का कोई संकल्प पत्र भी नहीं भरा हुआ था, परंतु अपनी देहदान करने की इच्छा,दोनों बेटों अमरजीत (ऑटो चालक) और चरणजीत (शिक्षक) को बता दी थी । उन्होंने यह भी कहा था कि, देहदान से व्यर्थ पेड़ नहीं जलेंगे,अनावश्यक की क्रियाओं में पैसा व्यर्थ नहीं होगा, रिश्तेदारों का शोक में आने जाने में भी उनका समय और पैसा बचेगा । पिता जी की अंतिम इच्छा जान, चरणजीत ने काफी समय पहले से ही शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ से देहदान के संदर्भ में पूरी जानकारी ले ली थी, आज जब उनका देवलोक गमन हुआ, तो उन्होंने तुरंत ही डॉ गौड़ के बताए हुए दिशा निर्देशों को मानते हुए, रानपुर स्थित राजकीय आयुर्वेद,योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में पिता के पार्थिव देह को दान किया । आयुर्वेदिक महाविद्यालय में मृत-देह के पहुँचते ही परिसर में कोटा के साथ साथ अकलेरा,झुंझुनू भरतपुर के आयुर्वेद एवं योग महाविद्यालय से आये 300 से अधिक भावी आयुर्वेद चिकित्सकों ने ओमप्रकाश जी के पार्थिव देह पर पुष्पवर्षा की,साथ ही वेद मंत्र,गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के उच्चारण के साथ देह को स्वीकार किया ।

उपस्थित भावी चिकित्सकों व कॉलेज के सभी स्टाफ,चिकित्सकों ने सिर झुका कर देहदान करने वाले परिवार का अभिवादन किया । देहदान के समय पर महाविद्यालय के काफी सारे चिकित्सक डॉ प्रेम सिंह माली,डॉ ओमप्रकाश गुप्ता,डॉ मनीष मीणा,डॉ बृजराज मालव, डॉ श्याम स्वरूप मीना,डॉ मांडवी गौतम डॉ शकुन्तला नागर,डॉ रंगोली चौहान, डॉ सुरभि पंकज, संस्कृत टीचर निलेश जोशी,डॉ विनोद मीणा उपस्थित थे ।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फ़ौजदार ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी क्षैत्र के ग्रामीणों को कानून की सामान्य जानकारी एवं विधिक साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार को सिविल न्यायाधीश राशमी पृथा फ़ौजदार द्वारा मोबाईल वेन वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि मोबाइल वैन द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम,बाल अधिकार सरंक्षा अभियान, नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार,पीड़ित प्रतिकर आदि के संबंधी राशमी क्षैत्र के आम चौराहों एवं चौपालो पर प्रप्रत्र एवं साहित्य वितरित कर ग्रामीणों को समझाया गया।साथ ही लोगो को नालसा हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 15100 व राजीनामा योग्य प्रकरणों में लोक अदालत की भावना एवं मध्यस्थता से आपसी समझौता करने की सलाह दी गयी। जिससे समय-धन की बचत हो सके।

इस मोबाइल वैन वाहन द्वारा राशमी ग्राम पंचायत भीमगढ़,डिंडोली,पुठवाड़िया,साँखली,ऊँचा क्षैत्र में जाकर प्रचार-प्रसार किया गया।इस अवसर पर न्यायालय परिसर में सुमेर सिंह,मुकेश गाडरी,रामनरेश मीणा,मोहित सोनी,गोवर्धन प्रजापत, पुष्पा सुखवाल,भगवानलाल रेगर उपस्थित रहे।

## राजस्थान टीम चयन के ट्रायल की तैयारियाँ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राष्ट्रीय स्तर पर फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता हेतु राजस्थान टीम के चयन के लिए होने वाली ट्रायल की तैयारियाँ जोरों पर है। जिला कुश्ती संघ (ओ.प.) अध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर ने बताया कि बुधवार 26 फरवरी को आयोजित ट्रायल का शुभारम्भ चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी करेंगे जबकि विशिष्ठ अतिथि पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व सभापति सुशील शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कर्नलसिंह राठौड़, माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप लड्ढा, मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के स्थानीय अध्यक्ष सीए अर्जुन मुंदड़ा होंगे। संघ सचिव रतन गुर्जर ने बताया कि राजस्थान राज्य स्तर के पदक विजेता एवं राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता पहलवान चित्तौड़गढ़ पहुँच रहे हैं। ट्रायल की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें संघ उपाध्यक्ष विश्वनाथ टांक, सहसचिव राजेन्द्र गगरानी, राजकुमार कुमावत (लाडना), कोषाध्यक्ष भंवरसिंह चौहान, नवीन पटवारी, कुश्ती संघ विधि प्रकोष्ठ के ओमप्रकाश शर्मा, कमल किशोर कोठारी, राजन माली, योगेश सोनी, नुकुल गांछा, महेन्द्र सिंह चौहान, रणवीरसिंह, विजय गांछा, अनिल गांछा, विशाल गर्ग, गोटू न्याती, नरेन्द्र लोठ, मिहीर बाघमार सहित विभिन्न व्यायामशालाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजयनगर ब्लैकमेल काण्ड के विरोध में केकड़ी में अधिवक्ताओ ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

### आरोपियो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** बिजयनगर के बहुचर्चित ब्लैकमेल काण्ड के विरोध में सोमवार को केकड़ी के अधिवक्ताओ ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए उपखण्ड अधिकारी सुभाषचन्द हेमानी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की मांग की।

बार एसोसिएशन केकड़ी के वरिष्ठ अधिवक्ता एस एन हावा ने बताया कि बिजयनगर में छात्राओ के साथ रेप-ब्लेकमेल जैसे घिनौने कृत्य से आमजन में आक्रोश है तथा अधिवक्ताओ ने भी सोमवार को पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया है तथा आरोपियो के खिलाफ फास्टट्रेक कोर्ट में सुनवाई करते हुए कानून के अनुरूप सख्त कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि इस तरह की घटनाओ को रोकना बेहद जरूरी है ताकि महिला सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान बार उपाध्यक्ष शिवप्रसाद पाराशर, महासचिव मुकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता एसएन हावा, सलीम गौरी, परवेज नकवी, शिवप्रकाश चौधरी, रामप्रसाद कुमावत, सुरेन्द्र सिंह पंवार, इमदाद अली, सुरेन्द्र सिंह पंवार, सांवरलाल चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह राठौड, सीताराम कुमावत, भावेश जैन, राकेश गुर्जर, मनोज धातरवाल, विशाल राजपुरोहित, सुरेन्द्र सिंह कान्दलोत, सुरेन्द्र सिंह धन्नावत, रहीम गौरी आदि मौजूद थे।

**जिला बचाओ आन्दोलन को विहिप ने दिया समर्थन :** केकड़ी जिला बचाओ आन्दोलन के तहत अधिवक्ता का कोर्ट परिसर में गत 2 जनवरी से लगातार धरना प्रदर्शन जारी है। सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पहुंचकर जिला बचाओ आन्दोलन को अपना समर्थन दिया तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियो को लिखित पत्र देकर आश्वस्त किया कि आन्दोलन में तन, मन, धन के साथ सहयोग देंगे तथा जब भी जरूरत होगी, विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य उपस्थित होकर आन्दोलन को अपने मुकाम तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## महाशिवरात्रि पर शाही लवाजमे के साथ केकडी नगर के भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल तैयारियों को अन्तिम रूप देने में जुटे 1000 से अधिक सेवक

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा महाकाल अपने शाही लवाजमे के साथ केकडी नगर के भ्रमण पर निकलेंगे। महाकाल की सवारी के कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने के लिए समिति के 1000 से अधिक सदस्य लगातार जुटे हुए है।

समिति सदस्यों ने बताया कि महाकाल की शाही सवारी बुधवार को विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रात: सवा नौ बजे यहां बस स्टेण्ड पर पुरानी तहसील परिसर में स्थित तत्कालेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होगी, जो पुलिस थाने के बाहर से होकर तीन बत्ती चौराहा, अजमेरी गेट, घण्टाघर, सदर बाजार, खिडकी गेट, लोढा चौक, चारभुजा मंदिर, माणक चौक, सूरजपोल गेट, हरिजन बस्ती, भैरू गेट, बडा गुवाडा, सरसडी गेट, बस स्टेण्ड, अजमेर रोड व बीजासण माता मंदिर होते हुए पुन: तत्कालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां पर बाबा महाकाल की भव्य व विशाल भस्म आरती की जाएगी।

शाही सवारी के दौरान उज्जैन से आये अघोरी कलाकारों द्वारा शिव ताण्डव, शिव विवाह, भस्म आरती, महाभिषेक आदि माध्यमों से शिवजी की कथाओं का जीवन्त प्रदर्शन किया जाएगा एवं उज्जैनी तोपों द्वारा बाबा महाकाल को सलामी दी जाएगी। शाही सवारी के दौरान महाबली हनुमान व महाबली शंकर का रूप धरे कलाकार आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। शाही सवारी में 21 क्विंटल गुलाल व 50 क्विंटल फूलों की बारिश की जाएगी। साथ ही एक दर्जन अलग-अलग देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां भी सवारी में शामिल होगी। शाही सवारी के मार्ग पर जगह-जगह आकर्षक रंगोलियां सजाई जाएगी। जहां शहर के सभी वर्गों के लोग शाही सवारी का भव्य स्वागत करेंगे।

# प्रोजेक्ट सक्षम सखी : राजीविका के भव्य मेगा ट्रेड फेयर और क्रेडिट कैंप का आयोजन 1 मार्च को

## मेगा ट्रेड फेयर और क्रेडिट कैंप के सफल आयोजन को लेकर जिला कलक्टर असावा ने ली बैठक

## अधिकाधिक बिक्री एवं क्रेडिट लिंकेज से एसएचजी की ग्रामीण महिलाओं को दें प्रोत्साहन -कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** एसएचजी की ग्रामीण महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने को लेकर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट सक्षम सखी' के द्वितीय संस्करण के तहत 1 मार्च से 3 मार्च तक राजीविका के द्वारकेश मेला ग्राउंड में मेगा क्रेडिट कैम्प एवं ट्रेड फेयर आयोजित होने जा रहा है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला कलक्टर ने मंगलवार को अपने कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर चर्चा की। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, महिला एवं बाल विकास विभाग उप निदेशक (अतिरिक्त चार्ज) आकांक्षा दुबे, एसीईओ और डीपीएम राजीविका सुमन अजमेरा, एलडीएम पी पी चौहान, आयुक्त बृजेश राय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक भानु प्रताप सिंह राणावत, डीटीई मुकेश कुमार नवल, जिला प्रबंधक भैरू लाल बुनकर, कमल कुमार मारू डीएमएफआई, श्रेया हाजरा वाईपी आदि उपस्थित रहे।कलक्टर ने कहा कि मेगा क्रेडिट कैंप एवं ट्रेड फेयर में एसएचजी की महिलाओं को अधिक से अधिक क्रेडिट लिंक और उनके उत्पादों की अधिकतम बिक्री को लेकर प्रभावी कार्य योजना



बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि बैंकों से समन्वय कर ऋण संबंधी प्रकरण शीघ्र से शीघ्र क्लियर कराएं। कलक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जिले के हर भाग से लोग इस मेले में आए और ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार हस्त उत्पादों को देखें और खरीदें।कलक्टर ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र की हुनरमंद महिलाओं द्वारा अनेकों-अनेक उत्पाद बनाए जा रहे हैं जो न सिर्फ कम दामों पर उपलब्ध हैं बल्कि गुणवत्ता पर भी खरे हैं। इन महिलाओं की सामग्री को बिक्री हेतु मंच प्रदान कर हम इनकी सशक्तिकरण यात्रा में भागीदार बन सकते हैं। कलक्टर ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं सशक्त होंगी तो हमें भी दिल से संतुष्टि मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रथम संस्करण के भांति द्वितीय संस्करण का भी सफल आयोजन हो।इसके साथ ही जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई योजना को लेकर भी एसएचजी के लंबित आवेदनों को बैंकों के माध्यम से जल्द क्लियर करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि समारोह में अधिकाधिक संस्थानों और औद्योगिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो।

### प्रथम संस्करण में मिली थी अपार सफलता

कलक्टर ने बताया कि राजीविका स्वयं सहायता समूहों की हजारों बहनों और उनके लगभग 1 लाख से अधिक परिजनों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करने की दृष्टि से आरंभ किए गए नवाचार प्रोजेक्ट सक्षम सखी के प्रथम संस्करण के तहत आपके सहयोग से हम एसएचजी को 21 करोड़ के लोन एवं 50 लाख की बिक्री उपलब्ध कराने में सफल हुए थे।

### यह होंगे मुख्य आकर्षण

डीपीएम अजमेरा ने बताया कि आयोजन के तहत एक ही स्थान पर राजीविका (स्वयं सहायता समूहों) की ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार गुणवत्ता पर खरे विविध प्रकार के आकर्षक उत्पादों की बम्पर बिक्री होगी। हल्दीघाटी के प्रसिद्ध चैत्री गुलाब से निर्मित गुलकंद, गुलाब जल, शरबत एवं अन्य उत्पाद बिक्री हेतु रखे जाएंगे।

---

पढ़ाई कर प्रोफेसर बने मजदूर की प्रेरणादायक कहानी

# पिता के साथ मेहनत-मजदूरी करने वाले सय्यद इमरान अली बने सहायक प्रोफेसर

## डॉ. आतिफ सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं निरंतर अध्ययन से मिली सफलता

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** सफलता की यह कहानी हर उन विद्यार्थियों को हौसला देगी जो मुश्किलों और अभावों को देख परेशान हो जाते है। यदि आप सच्ची लगन से मेहनत करते हैं तो सफलता स्वयं अपना रास्ता बना लेती है। इमरान अली की कहानी विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ संकल्प, अपने लक्ष्य के लिए समर्पित एवं समर्पण की शक्ति का प्रतीक होने के साथ-साथ एक प्रेरणा है, जो दिखाती है कि कठोर मेहनत, दृढ़ता और जुनून के साथ, किसी भी बाधा को दूर किया जा सकता है।

बचपन से अभाव, निर्धनता और संघर्ष का सामना करने वाले टोंक शहर के रजबन निवासी सय्यद इमरान अली ने अपने मार्गदर्शक डॉ.आतिफ सिद्दीकी, दृढ़ संकल्प तथा कई वर्षों की कड़ी मेहनत से प्रोफेसर बनने के सपने को हकीकत में बदला जो उन्होंने देखा था। पिता के साथ मेहनत-मजदूरी करने, अल्प आय, बेहद निर्धनता समेत वित्तीय चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असि. प्रोफेसर की परीक्षा उर्त्तीर्ण कर प्रोफेसर बनकर संसार को बताया कि यदि मनुष्य हर चुनौती का डटकर सामना करें तो किसी भी सफलता को निर्श्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

### बचपन से ही था प्रोफेसर बनने का सपना

*इमरान बचपन से ही प्रोफेसर बनने का सपना देखते थे। पिता के साथ मेहनत-मजदूरी करते हुए निरंतर अध्ययन एवं कठिन परिश्रम से उनका चयन वर्ष 2022 में तृतीय एवं द्वितीय श्रेणी अध्यापक में हुआ। प्रतियोगी परीक्षाओं में खुद को लगातार सफल होते देख इमरान ने अपना पूरा ध्यान आरपीएससी द्वारा आयोजित सहायक प्रोफेसर परीक्षा पर केंद्रित कर दिया। इमरान ने आरपीएससी द्वारा पाठ्यक्रम के अनुसार अपनी अध्ययन सामग्री को सावधानीपूर्वक व्यवस्थित किया और प्रथम प्रयास में ही सहायक प्रोफेसर के पद पर सफल होकर बताया कि कठोर मेहनत के सामने चुनौतियां एवं असंभव नाम की कोई चीज मायने नहीं रखती है।*

# सरकारी विद्यालयों में 1 मार्च को होगा मेगा पीटीएम का आयोजन

## अभिभावकों से साझा की जाएगी बच्चे की प्रगति रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** शिक्षा विभाग की ओर से 1 मार्च को सभी सरकारी विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने सोमवार को एक आदेश जारी कर समस्त जिला शिक्षा अधिकारी व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारीयों को प्रत्येक विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक (मेगा पीटीएम) आयोजन करने के निर्देश जारी किए। निर्देशों में बताया है कि माह जनवरी में आयोजित किये गए दक्षता आधारित आकलन-1 के परीणाम की घोषणा के पश्चात इसके परिणामों से अभिभावकों व विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक अभिभावकों को उनके बालक-बालिकाओं की प्रगति संज्ञान दिए जाने के साथ-साथ बालक-बालिकाओं की प्रगति में सुधार किस प्रकार करना है इसके बारे में भी अभिभावक से चर्चा करेंगे।

**मेगा पीटीएम में इन विषयों पर होगी चर्चा**-मेगा पीटीएम में दक्षता आधारित आकलन के परिणामों पर चर्चा की जाएगी। इसके लिए विषयाध्यापक की जिम्मेदारी होगी कि वो बच्चे के अभिभावक को बताएं कि बच्चा उनके विषय में किसी दक्षता विशेष में संघर्ष कर रहा है तो उनके लिए अतिरिक्त प्रयासों की योजना के सम्बन्ध में अभिभावकों से चर्चा करेंगे। बैठक में अपार आईडी के बारे अभिभावकों को समझाया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य सर्वेक्षण की जानकारी दी जाएगी। उनको एनपीसीआई आधार सीडिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक की प्रविष्टि शाला दर्पण पोर्टल पर करनी होगी।

---

# 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान के प्रथम चरण के समापन समारोह में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को मिला प्रथम पुरस्कार

## केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने किया सम्मानित

### सम्मान समारोह कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा को किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मुंबई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव, सार्वजनिक आरोग्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबिटकर, आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष वैद्य जयंत देवपुजारी, और देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा को 卐देश का प्रकृति परीक्षण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं समर्पित सेवा के लिए तीन प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने पूरे देश में स्नातकोत्तर महाविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम




स्थान प्राप्त कर अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके लिए संस्थान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, राजस्थान राज्य ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए देश में संख्यात्मक दृष्टि से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए राज्य को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राजस्थान प्रदेश की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रोफेसर संजीव शर्मा ने प्राप्त किया।

प्रोफेसर संजीव शर्मा, कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर एवं सदस्य, सलाहकार समिति, 卐देश का प्रकृति परीक्षण卐 अभियान को भी इस अभियान में उनकी उत्कृष्ट भागीदारी एवं समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने बतौर सलाहकार समिति के सदस्य इस अभियान को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाई। उनके जागरूक प्रयास एवं समर्पण को प्रेरणादायक बताते हुए आयोजकों ने उनकी सराहना की।

---

# बारह भाइयो के मेले को लेकर आयोजित हुई मेला बैठक, कार्यकारिणी का विस्तार

### मेले की सूचना ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए कराई जा रही मुनादी, नगरवासियों के आर्थिक सहयोग से निकाला जाता है ऐतिहासिक मेला



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के ऐतिहासिक बारह भाइयों के मेले को लेकर सोमवार की शाम शहर के पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर अध्यक्ष रामवीर पोसवाल के नेतृत्व बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। वहीं मंगलवार से शहर में और ग्रामीण क्षेत्र में मेले की मुनादी शुरू की गई है साथ में मेला आयोजन को लेकर नगर वासियों से आर्थिक सहयोग एकत्रित करने के लिए कार्यकर्ता टीम काम में जुट गई है।

मेला अध्यक्ष रामवीर पोसवाल ने बताया कि नगर का 167 वर्ष पुराना मेला है। सन 1859 में इस मेले की विधिवत शुरुवात बाड़ी कस्बे के बारह भाइयों ने की थी। जो आज ऐतिहासिक रूप ले चुका है। यह हमारे पुरखों की धरोहर है ऐसे में इसे सजोय रखने की जरूरत है। जिसके लिए नगर वासियों का सहयोग अपेक्षित है।

बारह भाई मेला कमेटी के महामंत्री पवन चंसोरिया ने बताया कि मंगलवार से मेले के आयोजन को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को आमंत्रित करने के लिए मुनादी कराई गई है साथ मे आर्थिक सहयोग एकत्रित करने के लिए कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीम काम कर रही है।

यह रहेगा ऐतिहासिक मेले का शेड्यूल

होली की दूज 15 मार्च को पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर ध्वज स्थापना के साथ मेले की शुरुआत होगी। इसके बाद छठवीं 20

---

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न युवाओं को फिट रहने का आह्वान



## कब्बडी में राजसमंद ब्लॉक ने खिताब जीता

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द( सुरेश बागोरा )।** माय भारत,नेहरू युवा केन्द्र एवं जिला कब्बडी संघ राजसमंद के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता राजपुरा (रेलमगरा ) स्थित सूरज बारी मन्दिर परिसर में संपन्न हुई।

यह जानकारी देते हुए केन्द्र के लेखा एवं कार्यक्रम अधिकारी हनवंत सिंह चौहान ने बताया की प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला कब्बड्डी संघ के सचिव दिनेश कुमार सनाढ्य थे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल हमें टीम भावना, नेतृत्व, जवाबदेही, धैर्य और आत्मविश्वास जैसे जीवन कौशल शिक्षा का विकास करते हैं। उन्होंने बताया की खेल हमें अपने जीवन की चुनौतियों का सामना करने, लक्ष्य अर्जित करने की सीख देते है साथ ही हमारे शारिरिक,मानसिक क्षमताओं का विकास करने के साथ साथ प्रेम एवं भाई चारे की भावना का भी विकास करता है। हमें खेल को खेल की भावना से खेलते हुए अपने आप को फिट रहने का आह्वान किया।चौहान ने बताया की फाइनल पुरुष वर्ग कब्बड्डी प्रतियोगिता में राजसमंद ब्लॉक की टीम विजेता एवं रेलमगरा ब्लॉक की टीम उप विजेता रही।

एथलेटिक 100 मीटर दौड़ में योगेश कुमावत प्रथम, भूपेंद्र सिंह द्वितीय एवं तृतीय राजेश गाडरी रहे। 200 मीटर दौड़ में भूपेन्द्र सिंह प्रथम योगेश कुमावत द्वितीय एवं राजेश गाडरी तृतीय रहे। इसी तरह महिला वर्ग में रस्साकसी प्रतियोगिता में मीरा क्लब प्रथम एवं लक्ष्मी क्लब द्वितीय रहे। 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्रजापत प्रथम द्वितीय कोमल लोहार रहे। जिन्हें अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक दिनेश कुमार सनाढ्य, मांगीलाल प्रजापत, कन्हैयालाल , पूरणमल द्वाधीश, शोभालाल जाट, हीरालाल कुमावत, लहरूलाल कुमावत, गणेश कुमावत थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी शंकर लाल गाडरी , शिक्षक वृद्धिचंद भी उपस्थित रहे।

---

# ट्रक पलटने से बाइक सवार दबेः एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर; एसपी की मौजूदगी में हुआ रेस्क्यू



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की बाड़ी रोड पर बुधवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। होजरी से भरा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। इस दौरान ट्रक के बगल में जा रहे दो बाइक सवार ट्रक के नीचे दब गए। हादसे के बाद ट्रक में आग भी लग गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सुमित मेहरड़ा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हाइड्रा की मदद से ट्रक को हटाकर दोनों युवकों को बाहर निकाला गया। दोनों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। हादसे में घायल दोनों युवकों की पहचान भोगीराम नगर कॉलोनी निवासी अरविंद और विजय सिंह उर्फ करुआ के रूप में हुई है।

अस्पताल में डॉक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। विजय की स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। दोनों किसी जरूरी काम से बाइक पर निकले थे, तभी हादसा हो गया।

---

# रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**नवलगढ़ ( नि.स. )।** उच्च माध्यमिक विद्यालय, नवलगढ़ महिला महाविद्यालय तथा गर्ल्स बी.एड. कॉलेज का संयुक्त वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह कलकता कमेटी के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी ओमप्रकाश जालान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता- कमेटी के सचिव एवं ट्रस्टी पवन जालान ने की। मानद चेयरमैन बनवारी लाल जालान अतिविशिष्ट अतिथि, कमेटी की उपाध्यक्ष सुधा जालान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भगवान गणेश एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में पूनम ज्वैलर्स के संचालक रणजीत सोनी भी मंचस्थ अतिथि रहे।

तीनों संस्थाओं के छात्र - छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक, धार्मिक एवं देशभक्ति से ओत प्रोत प्रस्तुतियाँ दी जिनमें पी. जी. कॉलेज की छात्राओं ने झांसी की रानी, बी. एड. कॉलेज की छात्राओं ने नशा मुक्ति तथा एस. एन. विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने धमाल नृत्य (होली गीत) प्रस्तुत कर अतिथियों को प्रभावित किया।

अतिथियों का स्वागत सत्कार मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. देवकी नन्दन शर्मा,



प्रशासनिक अधिकारी सुनील सैनी, प्रधानाचार्य नवीन कुमार शर्मा, प्राचार्या डॉ. वन्दना शर्मा, डॉ. सन्तोष पिलानिया, सुलोचना सैनी तथा जस्सा सिंह ने किया।कमेटी के सचिव एवं ट्रस्टी पवन कुमार जालान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश जालान ने अपने उदबोधन में संस्थाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संस्थाओं के विकास हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा महिला महाविद्यालय के नवीन भवन हेतु कमेटी के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर ठा. आनन्द सिंह शेखावत, डॉ. दयाशंकर जांगिड़, मुरली मनोहर चोबदार, मेजर डी. पी. शर्मा, गिरधारी लाल, महेश मिश्रा, रामवतार सबलानिया, मुरारी लाल इन्दोरिया सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

---

# राजकीय स्कूलो के 38 बच्चों नें किया शैक्षिक भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**नवलगढ़ ( नि.स. )।** नवलगढ ब्लॉक के राजकीय स्कूलों के 38 छात्र छात्रा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण पर जयपुर के लिए रवाना हुए।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने मुकुंदगढ़ बस स्टैंड से बस को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। ब्लॉक के रिसोर्स पर्सन संजय कुमार सैनी के नेतृत्व में छात्रा दल प्रभारी बबिता महला एवम छात्र दल प्रभारी परशुराम सैनी के मार्गदर्शन में दल के सदस्य जयपुर के विभिन्न शिक्षाप्रद स्थलों का भ्रमण करेंगे।दल में सहायक के रूप में दिनेश कुमार सैनी,मुकेश सैनी,राकेश मीणा सुनीता एवम सरोज व्यवस्था संभाल रही है।

# छावा का रिकॉर्ड ध्वस्त करने आ रही हैं ये 2 बड़ी फिल्में, एडवांस बुकिंग में मची होड़




2025 की धमाकेदार शुरुआत हो गई है। विक्की कौशल की फिल्म छावा ने ताबड़तोड़ कमाई कर इतिहास रच दिया है। यह हाइएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन हिस्टोरिकल मूवी बन गई है। इसने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पछाड़ दिया है। फिल्म की दमदार कमाई के बीच मेकर्स के लिए सिर दर्द बनकर दो फिल्में आने वाली हैं जो शायद छावा का रिकॉर्ड चकनाचूर कर दें।

यूं तो 2025 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, लेकिन इन दिनों दो मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्मों का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऑनलाइन मूवी टिकट बुक करने वाले ऐप बुक माय शो पर तो इन दो मच अवेटेड फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच बेताबी बढ़ गई है। यह दो फिल्में हैं क्रेजी और सिकंदर ।

### सस्पेंस थ्रिलर के इंतजार में फैंस

तुम्बाड के बाद सोहम शाह फिल्म क्रेजी से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। पिछले साल उनकी फिल्म तुम्बाड को 9 साल बाद री-रिलीज किया गया था जिसने धांसू कलेक्शन किया था। अब वह क्रेजी मूवी लेकर आ रहे हैं, जिसको लेकर लंबे समय से चर्चा बनी हुई है। इस सस्पेंस थ्रिलर का लोग कितनी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, इसका अंदाजा बुक माय शो पर साफ देखा जा सकता है। एडवांस बुकिंग ओपन होने से पहले ही ऑनलाइन टिकट बुकिंग ऐप पर 102 लाख लोगों ने लाइक कर दिया है। ये वो लोग हैं जो इस फिल्म को देखने के लिए इंट्रेस्टेड हैं।

# चार घंटे बाद महाराष्ट्र साइबर ऑफिस से निकले यूट्यूबर चंचलानी

## इंडियाज गॉट लेटेंट केस में बयान दर्ज कराने के लिए खुद अधिकारियों से कॉन्टैक्ट किया



इंडियाज गॉट लेटेंट केस में महाराष्ट्र साइबर सेल ने फिर से आशीष चंचलानी और रणवीर अलाहबादिया को समन भेजा। उन्होंने दोनों को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए कहा। इस मामले में आशीष चंचलानी ने अपना बयान दर्ज कराया।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आशीष चंचलानी चार घंटे बाद महाराष्ट्र साइबर ऑफिस से अपना बयान दर्ज कराने के बाद निकले। खबर थी कि दोनों ने खुद महाराष्ट्र साइबर सेल से कॉन्टैक्ट किया था। आशीष और रणवीर अपना बयान दर्ज कराना चाहते थे।

इससे पहले पेरेंट्स पर अश्लील टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अलाहबादिया को जमकर फटकार लगाई थी। अदालत ने कहा था कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं।

### 21 फरवरी को यूट्यूबर आशीष की अपील पर सुनवाई हुई

इस मामले में असम पुलिस ने रणवीर अलाहबादिया और आशीष चंचलानी को भी नोटिस भेजा था। जिसके बाद 21 फरवरी को यूट्यूबर आशीष चंचलानी की अपील पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने उनकी याचिका पर नोटिस जारी करते हुए उसे रणवीर अलाहबादिया की याचिका के साथ जोड़ दिया। अब दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी।

साथ ही कोर्ट ने यूट्यूबर आशीष चंचलानी की याचिका पर महाराष्ट्र और असम सरकार से जवाब भी मांगा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर आशीष चंचलानी के वकील से कहा कि उन्हें इस मामले में पहले ही जमानत मिल चुकी है।

आशीष चंचलानी का यूट्यूब चैनल आशीष चंचलानी वाइन्स है। साल 2018 में यूट्यूबर को दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

आशीष चंचलानी का यूट्यूब चैनल आशीष चंचलानी वाइन्स है। साल 2018 में यूट्यूबर को दादा साहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

दरअसल, आशीष चंचलानी ने अपने खिलाफ असम के गुवाहाटी में दर्ज स्नङ्घक्र को रद्द करने या मुंबई ट्रांसफर करने की अपील की थी। 12 फरवरी को गुवाहाटी हाई कोर्ट ने आशीष चंचलानी को अग्रिम जमानत देते हुए दस दिन के अंदर जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था।

# 12 साल पहले मेरे पास...

## प्रिती चिंटा ने 18 करोड़ के लोन माफ करने के आरोप पर तोड़ी चुप्पी



**फिल्मी** दुनिया से दूर प्रीति जिंटा भले ही बड़े पर्दे से नदारद हों, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। कभी आईपीएल में इठलाना हो या सोशल मीडिया पर ट्रोल्स को लताड़ लगाना हो, प्रीति अक्सर छाई रहती हैं। मगर इन दिनों वह अपने एक पुराने विवाद को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, कुछ समय पहले न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में अनियमितताओं के चलते ग्राहकों को उनके पैसे मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उस समय ऐसी खबरें सामने आई थीं कि बैंक ने नियमों का पालन किए बिना कुछ चहेते लोगों को बड़ा कर्ज दिया था और उनके कर्ज माफ भी किए गए थे। इसमें एक नाम प्रीति जिंटा का भी बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि उन्होंने बैंक से 18 करोड़ रुपये का लोन लिया था जिसे बाद में माफ कर दिया गया।

### आरोप पर प्रीति जिंटा ने तोड़ी चुप्पी

**अब प्रीति जिंटा ने एक बयान में आरोपों का खंडन किया और मामले पर सफाई दी है। इन आरोपों पर प्रीति जिंटा ने जवाब में, जिंटा ने अपनी कानूनी टीम के माध्यम से पोर्टल को एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 12 साल से अधिक समय पहले मेरे पास न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के साथ ओवरड्राफ्ट सुविधा थी। 10 साल से अधिक समय पहले मैंने इस ओवरड्राफ्ट सुविधा के संबंध में पूरी बकाया राशि चुका दी थी और खाता बंद हो गया।**



# शाहिद @ 44

## 'कबीर सिंह' के लिए रोज 20 सिगरेट पी

## जर्सी के सेट पर हुए घायल, 25 टांके लगे

### डायरेक्टर से कहा- मुझे 'विवाह' नहीं करनी

**एक्टर शाहिद कपूर का आज 44वां बर्थडे है। उन्होंने इश्क-विश्क, विवाह, जब वी मेट, हैदर, कबीर सिंह जैसी फिल्मों में काम किया है। एक वक्त था, जब शाहिद की इमेज चॉकलेटी हीरो वाली थी, लेकिन उन्होंने रोल के साथ एक्सपेरिमेंट्स करके प्रुव कर दिया कि वे इंटेंस लुक वाले रोल भी कर सकते हैं।**

हालांकि, इन रोल्स के परफेक्शन के लिए शाहिद को बहुत स्ट्रगल करना पड़ा और साथ ही कुर्बानियां भी देनी पड़ीं। कभी उन्हें स्ट्रिक्ट डाइट अपनाना पड़ी, तो कभी न चाहते हुए भी दिन में 20-20 सिगरेट पीनी पड़ीं।

**आज 44वें बर्थडे पर जानते हैं शाहिद कपूर की जिंदगी के वो फैसले, जो उन्होंने अपनी फिल्मों के खातिर लिए..**

ऋतिक रोशन की वजह से शाहिद का शुरुआती सफर फ्लॉप रहा शाहिद ने फिल्म इश्क विश्क (2003) से बतौर हीरो बॉलीवुड में डेब्यू किया था। यह फिल्म उन्हें 4 साल के स्ट्रगल और करीब 200 ऑडिशन में रिजेक्शन के बाद मिली थी। इसमें शाहिद के चॉकलेटी बॉय लुक को जनता ने बहुत पसंद किया। उन्हें फिल्मों के ऑफर भी मिलने लगे, लेकिन फिर भी कुछ लोगों ने शाहिद से कहा कि इस डेब्यू के बाद भी तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता।

दरअसल, शाहिद से 2 साल पहले ऋतिक रोशन ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। इंडस्ट्री वालों का कहना था कि वे सिर्फ 5 साल में एक ही नए एक्टर को हीरो के तौर पर अपना सकते हैं। उनका कहना सच हुआ। इसका सबूत यह रहा कि 2004 में शाहिद की 2 फिल्म फिदा और दिल मांगे मोर रिलीज हुईं, लेकिन दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पिट गईं। इस बात का जिक्र शाहिद ने मिड डे इंडिया के इंटरव्यू में किया था।



शाहिद ने डायरेक्टर से कहा था- मुझे फिल्म विवाह से निकाल दीजिए 2 साल गुजर जाने के बाद शाहिद 2005 में भी कमबैक करने की कोशिश करते रहे, लेकिन सफल नहीं हुए। उनकी फिल्म दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी और शिखर बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरीं।

शाहिद जब करियर के बुरे फेज से लड़ रहे थे, तब सूरज बड़जात्या फरिश्ता बन कर आए। उन्होंने शाहिद को फिल्म विवाह का ऑफर दिया। सूरज एक सिंपल और गुड लुकिंग लड़के को फीचर करना चाहते थे।

शाहिद के लिए फिल्म का कॉन्सेप्ट नया था। उस वक्त उन्हें खुद पर भरोसा भी नहीं था। वे अब और फ्लॉप फिल्म अफोर्ड करने की हालत में नहीं थे। फिर भी उन्होंने सूरज बड़जात्या के ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया। लेकिन इस फिल्म की शूटिंग को सिर्फ 8 दिन हुए थे कि शाहिद, सूरज के पास गए और कहा- सर, अगर अभी भी आप किसी दूसरे एक्टर को कास्ट करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं। इस पर सूरज ने शाहिद से कहा कि तुम सिर्फ अपनी एक्टिंग पर फोकस करो, बाकी मैं संभाल लूंगा। डायरेक्टर का कहना मान कर शाहिद ने सिर्फ एक्टिंग पर फोकस किया।



10 नवंबर 2006 को रिलीज हुई फिल्म विवाह सुपरहिट साबित हुई। इसने शाहिद के करियर को नया मोड़ दिया।

शाहिद के कहने पर करीना कपूर ने साइन की फिल्म साल 2007 भी शाहिद के लिए लकी रहा। इस साल रिलीज हुई फिल्म जब वी मेट को शाहिद की करियर की बेस्ट फिल्म का तगमा मिला। हालांकि, वे फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थे।

शुरुआत में डायरेक्टर इम्तियाज अली ने बॉबी देओल को फिल्म में कास्ट किया था। बॉबी ने ही इम्तियाज को करीना का नाम सुझाया था। हालांकि, कुछ समय के लिए इम्तियाज को फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी थी। वे किसी दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हो गए थे। काम पूरा करने के बाद जब उन्होंने जब वी मेट की शूटिंग शुरू करनी चाही तब बॉबी किसी दूसरे शूट में बिजी हो गए।

फिर इम्तियाज ने आदित्य के रोल के लिए शाहिद और गीत के लिए करीना को चुना। वे दोनों की रियल लाइफ लव स्टोरी को फिल्मी पर्दे पर उतारना चाहते थे। हालांकि, करीना इसके लिए तैयार नहीं थीं। फिर शाहिद के कहने पर उन्होंने फिल्म साइन की। इस बात का जिक्र इम्तियाज ने इंटरव्यू में किया था।

पैर में चोट लगने के बाद भी शूटिंग करते रहे 2007 के बाद शाहिद का फिर से बुरा दौर शुरू हो गया। 2008 से 2013 तक, किस्मत कनेक्शन, कमीने, दिल बोले हड़िप्पा, डांस पे चांस, पाठशाला, बदमाश कंपनी, मिलेंगे-मिलेंगे, मौसम, तेरी मेरी कहानी, फटा पोस्टर निकला हीरो जैसी फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से सिर्फ किस्मत कनेक्शन ने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की।

2013 की फिल्म आर राजकुमार के जरिए शाहिद को फिर इंडस्ट्री में खोई हुई सक्सेस वापस मिल गई। यह फिल्म कॉमर्शियली हिट रही। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान शाहिद को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहिद क्लाइमेक्स सीन्स की शूटिंग के दौरान घायल हो गए थे। उनके पैर का लिगामेंट फट गया था। वे बहुत दर्द में थे। फिर भी उन्होंने शूटिंग जारी रखी। वे 8 दिन तक फिजियोथेरेपी के साथ एक्शन सीन्स की शूटिंग करते रहे।

जिस फिल्म के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला, उसके लिए फीस चार्ज नहीं की 2014 से पहले शाहिद को अधिकतर फिल्मों में रोमांटिक और सॉफ्ट रोल में देखा गया था,किन फिल्म हैदर ने उनके करियर की कायापलट कर दी। हालांकि, इस फिल्म के लिए उन्होंने एक रुपए भी फीस चार्ज नहीं की थी। शाहिद ने कहा था- पूरी स्टारकास्ट में से सिर्फ मैंने ही फ्री में फिल्म की थी। मेकर्स का कहना था कि वे मुझे अफोर्ड नहीं कर पाएंगे। फिल्म की कहानी हटकर थी। फिल्म का बजट भी कम था। अगर मैं फीस की डिमांड करता तो मेकर्स का बजट बढ़ जाता। खैर बिना पैसे लिए ही मेरा भला हो गया। यह बातें शाहिद ने अनुपमा चोपड़ा के इंटरव्यू में कही थीं। शुरुआत से ही डायरेक्टर विशाल भारद्वाज हैदर में शाहिद को कास्ट करना चाहते थे। कहानी सुनने के तुरंत बाद शाहिद भी फिल्म में काम करने के लिए मान गए थे। यहां तक कि उन्होंने सिर भी मुंडवा लिया था। फिल्म की अधिकतर शूटिंग कश्मीर में हुई थी। शूटिंग के दौरान कई बार क्रू पर लोकल लोगों ने हमला किया था। इस वजह से शूटिंग को कई बार रोकना पड़ा था। हालांकि, जैसे-तैसे यह फिल्म बनकर रिलीज हुई। जब फिल्मों के लिए शाहिद ने दी फूड की कुर्बानी इसके बाद जिस फिल्म ने शाहिद को फिर से बेस्ट एक्टर का तगमा दिलवाया, वह थी 2016 की उड़ता पंजाब। इस फिल्म से शाहिद ने प्रूव कर दिया कि वे हर किस्म का रोल आसानी से कर सकते हैं।

फिल्म में शाहिद ने ड्रग्स एडिक्ट टॉमी सिंह का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की थी। फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक चौबे ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'शाहिद नॉनवेज, शराब और सिगरेट का सेवन नहीं करते हैं। नतीजतन, मैंने उन्हें ड्रग्स एडिक्ट का रोल प्ले करने के लिए बहुत सारी कॉफी पिलाई थी। वे बहुत कम खाते थे। मैं चाहता था कि वे नशेड़ी दिखें। जैसे कि एक नशेड़ी को खाने से ज्यादा नशे की लत होती है। शाहिद के साथ हमने यह फॉर्मूला अपनाया था।'

2018 की फिल्म पद्मावत के लिए भी शाहिद ने सबसे ज्यादा अपनी डाइट पर फोकस किया था। इसके लिए वे 14 घंटे की शूटिंग के साथ 2 घंटे जिम में पसीना बहाते थे। राजा-महाराजा की तरह बॉडी पाने के लिए उन्होंने 40 दिन तक स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो की थी। उनके डाइट चार्ट को कनाडा के शेफ केल्विन चेउंग ने तैयार किया था।

**बॉलीवुड ने सिल्वर स्क्रीन पर दर्शकों कई सारी प्रेम कहानी दिखाई, जिनमें से कई सारी मुकम्मल हुईं और कई अधूरी रह गईं। दर्शकों को भी ज्यादातर वो फिल्मे पसंद आई जिनकी आखिर में हैप्पी एंडिंग हुई। मगर कभी आपने सोचा है इन फिल्मों को बनाने वाले डायरेक्टर्स या कलाकार का निजी जीवन कैसा होगा। उनको अपने जीवन में वो हमसफर मिला होगा जिससे उन्होंने प्यार किया।**

# परिवार गया टूट, करियर भी हो गया था तबाह, एक हसीना के प्यार में कैसे बर्बाद हुए गुरु दत्त

आज हम आपको फिल्म इंडस्ट्री के उस कलाकार की कहानी सुनाने वाले हैं जिन्होंने पर्दे पर तो एक से बढ़कर एक फिल्में दिखाई मगर उनका अपना जीवन किसी नर्क से कम न था। मशहूर फिल्म एक्टर और डायरेक्टर गुरुदत्त भले ही हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी फिल्में-गाने और उनकी रियल लाइफ की लव स्टोरी आज भी फैंस के बीच चर्चा का विषय रहती हैं। गुरुदत्त भी उन सितारों में गिने जाते हैं, जो शादीशुदा होते हुए किसी और के प्यार में पड़ गए जिसके कारण उनका घर बर्बाद हो गया।

### जब गुरुदत्त के जीवन में आई ये हसीना

गुरुदत्त का असली नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण था। गरीबी होने के कारण दिवंगत डायरेक्टर गुरुदत्त 10वीं के बाद पढ़ाई नहीं कर पाए थे। मगर शुरू से ही उन्हें संगीत और कला में काफी दिलचस्पी थी जिसके चलते उन्होंने उदय शंकर इंडिया कल्चर सेंटर में स्कॉलरशिप मिलने के बाद एडमिशन ले लिया था। यहां उन्होंने डांस सीखा और कोरिग्राफर बन गए।

उन्होंने अपना करियर बतौर कोरियोग्राफर ही शुरू किया था। साल 1953 में उनकी शादी गीता से हुई थी। मगर ये शादी के धागे जल्दी ही खुलने लगे और ये रिश्ता बर्बादी के रास्ते पर चल पड़ा। कहा जाता है कि गुरुदत्त 90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री वहीदा रहमान के प्यार में पड़ गए थे।

### वहीदा के प्यार में सब भूल गए डायरेक्टर

कहा जाता है कि वहीदा रहमान के गुरुदत्त के जीवन में आने के बाद उनके गीता से झगड़े काफी बढ़ गए थे। वहीदा के प्यार में वो ऐसे दीवाने हो गए थे कि वहीदा की तस्वीर उनकी निगाहों से नहीं उतरती थीं। गुरुदत्त वहीदा के प्यार में पत्नी और परिवार को भूलते जा रहे थे।

एनडीटीवी की खबर में एक्टर और डायरेक्टर से जुड़े एक किस्से के बारे में बताया गया है जिसमें लिखा है कि गीता ने गुरुदत्त को रंगे हाथ पकड़ने के लिए वहीदा के नाम से एक खत भेजा और पत्र में लिखी लोकेशन पर जब गुरुदत्त अपने दोस्त अबरार संग पहुंचे तो, थोड़ी देर में गीता अपनी सहेली संग वहां पहुंचीं। कहा जाता है कि इस वाकये से गुरुदत्त बेहद खफा हो गए थे और उन्होंने गीता पर हाथ भी उठा दिया था।

### जिंदगी नरक हो गई है

इस घटना के बाद दोनों अलग हो गए। 'गुरुदत्त द अनसेटिसफाइड स्टोरी' किताब के अनुसार, एक बार गीता दत्त ने वहीदा पर अपनी भड़ास निकालते हुए कहा था 'जब से वो हमारी जिंदगी में आई है, तब से जिंदगी नरक हो गई है। गीता दत्त अपने पति के इस नाजायज प्यार को बर्दास्त नहीं कर पाईं और नाराज होकर अपने तीनों बचों के साथ मां के पास चली गईं।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जयपुर में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ एक्शन

## रिफलिंग मशीन और 30 गैस सिलेंडर किए जब्त, दो अलग-अलग जगह की कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** डीएसटी ईस्ट की टीम ने रामनगरिया और एयरपोर्ट थाना इलाके में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। रामनगरिया थाना इलाके में पुलिस ने रोहिताश विश्नोई के खिलाफ अवैध गैस रिफिलिंग कि कार्यवाही करते हुए एक कांटा, एक गैस भरने कि मोटर व 22 इंडेन और भारत गैस के सिलेंडर जप्त किए। वहीं, एयरपोर्ट थाना इलाके में रामस्वरूप नायक के खिलाफ अवैध गैस रिफिलिंग कि कार्यवाही करते हुए एक वजन तोलने का कांटा, एक मोटर गैस भरने कि व 8 गैस सिलेंडर जप्त किए। डीसीपी तेजस्वनी गौतम ने बताया- अवैध रूप से हो रही गैस रिफिलिंग की सूचना मिली। इसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

**पहली कार्रवाई**-रामनगरिया इलाके में रोहिताश विश्नोई (19) पुत्र यशपाल विश्नोई निवासी गांव लोहावट (जोधपुर) गैस भरते हुए मिला। इससे एक वजन तोलने का कांटा, एक गैस भरने कि मोटर कुल 22 सिलेंडर इंडेन और भारत गैस के मिले। इसमें 17 सिलेंडर भरे हुए और 5 खाली सिलेंडर जप्त किए गए। आरोपी के खिलाफ रसद विभाग के तहत कार्रवाई की गई।

**दूसरी कार्रवाई**-पुलिस थाना एयरपोर्ट में टीम द्वारा दूसरी कार्रवाई करते हुए रामस्वरूप नायक पुत्र टोडाराम नायक निवासी गांव सैरूरा (बीकानेर) गैस भरते हुए मिला। इससे एक वजन तोलने का कांटा एक गैस भरने कि मोटर व कुल 8 गैस सिलेंडर 6 भरे हुए। 2 खाली गैस जप्त किये गये। आरोपी के खिलाफ रसद विभाग के तहत कार्रवाई कि गई। यह कार्रवाई डीएसटी ईस्ट के हेड कॉन्स्टेबल तुलसीराम, कॉन्स्टेबल राजेश, विजय सिंह, धर्मेन्द्र, हेमंत, हरूराम,उदय सिंह,देवेन्द्र ने की।

# कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच बस सर्विस विवाद, यात्री परेशान : महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री बोले- हमारे लोगों को धमकाया जा रहा, बर्दाश्त नहीं करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कर्नाटक (एजेंसी)।** कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच बस विवाद तूल पकड़ रहा है। राजनीतिक बयानबाजी हो रही है। मंगलवार को महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री ने प्रताप सरनाईक राज्य परिवहन निगम में मार्शल तैनात करने की बात कही।

उन्होंने कहा, मराठी हमारा गौरव है और हमें अपने यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। महाराष्ट्र को अपना गर्व है। अगर पड़ोसी राज्य के लोग हमारे लोगों को धमकाते हैं तो बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा- इस मुद्दे पर राज्य कैबिनेट की बैठक में भी चर्चा की जाएगी। दोनों राज्यों के बीच बस सेवा टर्मिनेट होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। परिवहन विभाग के अधिकारी कर्नाटक के अधिकारियों से बात कर रहे हैं। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा- बस यात्रियों को सुरक्षा देना कर्नाटक सरकार की भी जिम्मेदारी है। अगर वो ऐसा नहीं करते हैं, तो महाराष्ट्र सरकार सुरक्षा देगी।

वहीं, कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा- कंडक्टर पर हमला करने वालों के खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई होगी। कंडक्टर के खिलाफ पोस्को मामले में दर्ज केस वापस लेने के लिए गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर से चर्चा करेंगे।

# राजस्थान के 7 जिलों में महाशिवरात्रि के बाद होगी बारिश

## आंधी का भी अलर्ट; 3 डिग्री तक बढ़ा दिन का तापमान, धूप में तपिश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में आज से तापमान में बढ़ोतरी होगी और दिन में गर्मी बढ़ेगी। अगले 24 से 28 घंटे के दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

हालांकि, महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के अगले दिन से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस कारण 7 जिलों में बादल छाने, आंधी चलने और कहीं-कहीं बारिश होने की भी संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान में मौसम साफ रहा और तेज धूप रही। अलवर, सीकर, कोटा, जोधपुर, चूरू, गंगानगर, नागौर, फतेहपुर, दौसा, करौली, अजमेर और जयपुर में दिन के तापमान में 1 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई। इससे पहले कल शहरों के न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई। दौसा, करौली, हनुमानगढ़, सीकर, अलवर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। करौली में सबसे कम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### बाड़मेर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

राज्य के पश्चिमी जिलों में अब पारा 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बाड़मेर में कल अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्यियस, जैसलमेर में 34.1, जालोर में 33.9, पाली में 32.1, जोधपुर में 33.2, बीकानेर में 32 और चित्तौड़गढ़ में 32.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इन सभी शहरों में अधिकतम तापमान औसत से ऊपर दर्ज हुआ।



# शाह बोले-2027 तक भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे

## समिट में कहा- एमपी में लैंड-लेबर फोर्स, माइंस-मिनरल्स हैं, इसलिए संभावनाएं ज्यादा



बढ़ता राजस्थान

**भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश की 130 करोड़ जनता के सामने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य भी रखा है। मप्र की ये समिट दोनों लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी। कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार मिलकर काम करे। शाह ने कहा कि समिट में लोकल और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट के कई डायमेंशन अचीव किए गए हैं। देश में मध्य प्रदेश निवेश के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र बना है। जो मध्य प्रदेश बीमारू राज्य माना जाता था, उसे बीजेपी की सरकार ने 20 साल में बदलकर रख दिया है। अब यहां विकास के बड़े काम हुए हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह की कार्ययोजना सरकार ने बनाई है, इसमें से अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे।

### अमित शाह के भाषण की प्रमुख बातें...

- देश में मध्य प्रदेश निवेश के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र बना है।
- बिजली, पानी, सड़क को लेकर जो मध्य प्रदेश बीमारू राज्य माना जाता था, उसे बीजेपी सरकार ने 20 साल में बदलकर रख दिया है।
- बीजेपी सरकार के 20 साल के शासन में आज यहां 5 लाख किमी रोड नेटवर्क है। 6 हवाई अड्डे हैं, 31 गीगावॉट की ऊर्जा क्षमता है। इसमें से 30 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी है।
- देशभर में सबसे ज्यादा खनिज संपदा पैदा करने वाला राज्य हमारा मध्यप्रदेश है।
- मध्यप्रदेश देश का कॉटन कैपिटल भी बन गया है। फूड प्रोसेसिंग के लिए भी मप्र महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है।
- एमपी में एक स्ट्रैटेजिक लोकेशन है। बेहतरीन इंफ्रास्ट्रचर यहां बन चुका है।

# हाड़ौती के विकास और आत्मनिर्भरता की यात्रा में हम सभी को सहभागी बनना होगा : लोकसभा अध्यक्ष

## पूर्व विधायक प्रभु लाल करसोलिया की मूर्ति का अनावरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बून्दी जिले के करवर में पूर्व विधायक प्रभुलाल करसोलिया की मूर्ति का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 6.92 करोड़ रुपये की लागत से 95 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। श्री बिरला ने स्व. करसोलिया के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज और देश की सेवा में समर्पित कर दिया। वे गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए संघर्ष और जनसेवा का पर्याय थे। उनका जीवन दर्शाता है कि लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी छोटे गाँव से क्यों न हो, अपनी मेहनत और ईमानदारी से नेतृत्व की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है।

श्री बिरला ने कहा कि करसोलिया जी ने राजनीति को जनकल्याण का माध्यम बनाया। वे सदैव जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे। बिरला ने कहा कि करसोलिया ने संसाधनों की कमी के बावजूद जनता की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य माना और अपने अंतिम समय तक इसी संकल्प के साथ कार्य करते रहे।

### करवर और हाड़ौती के विकास को मिलेगी नई दिशा

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के बुनियादी विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले वर्षों में जिन कार्यों की उपेक्षा हुई, उन्हें अब तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। करवर की 12 पंचायतों में 180 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। उन गाँवों को भी सड़कों से जोड़ा जाएगा, जो वर्षों से विकास से वंचित थे। क्षेत्र में बिजली तंत्र को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित होगी और निकट भविष्य में किसानों को दिन में भी बिजली मिल सकेगी।

### कृषि क्षेत्र में सुधार से बढ़ेगी किसानों की उपज

श्री बिरला ने कहा कि क्षेत्र के असिंचित इलाकों को सिंचाई सुविधा देने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। हर खेत तक पानी पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को अपनी उपज बढ़ाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, क्षेत्र को ईआरसीपी से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जल समस्या का स्थायी समाधान हो।



### करसोलिया जी के सपनों को साकार करने का संकल्प

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि करसोलिया जी का सपना था कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर और विकसित बने। आज उनकी स्मृति में किए जा रहे विकास कार्य इसी संकल्प का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर इस क्षेत्र को विकास के नए शिखर तक ले जाना है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भी इस विकास यात्रा में सहभागी बनें और अपने गाँव, अपने क्षेत्र के उत्थान में योगदान दें। करसोलिया जी की मूर्ति सिर्फ़ एक प्रतिमा नहीं, बल्कि जनसेवा और संघर्ष की प्रेरणा है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि प्रभुलाल करसोलिया जी ने क्षेत्र का नेतृत्व किया और गाँव-गाँव में विकास की अलख जगाई। वे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के माध्यम से हमेशा समाज के बीच सक्रिय रहे।

### शिक्षा से ही जीवन स्तर में आएगा बदलाव

श्री बिरला ने कहा कि सभी सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूलों, जहाँ विज्ञान विषय उपलब्ध हो, वहाँ 10 लाख रुपये की लागत से अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएगी। आगामी दो वर्षों में विद्यालयों में कंप्यूटर लैब और इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे गाँवों के बच्चों को भी आधुनिक तकनीक से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मिडिल स्कूलों में भी कंप्यूटर शिक्षा को लागू करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में 60 लाख रुपये की लागत से महिला प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ महिलाएँ सिलाई, कढ़ाई और अन्य स्वरोजगार प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

# डॉक्टर व नर्स की लापरवाही से एमसीएम अस्पताल में हुई एक महिला की मौत

## मृत महिला को किया जयपुर रैफर

### हैवी डोज लगाना बताया जा रहा है मौत का कारण

### थाना अधिकारी निवाई को एमसीएम अस्पताल के डॉक्टर व नर्स के खिलाफ हत्या का परिवाद दर्ज करने के लिए सोंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** मंगलवार को 80 फीट रोड स्थित एमसीएम अस्पताल में भर्ती मरीज बीना देवी पत्नी दिनेश अटल निवासी भगत सिंह कॉलोनी की हैवी डोज इंजेक्शन लगाने से मौत हो गई । पीड़ित ने बताया कि सोमवार को प्रात: 8.30 बजे बीना देवी की अचानक तबीयत खराब हो गई जिसको प्रात: 9 बजे एमसीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर डॉक्टर के इलाज शुरू करने के बाद बीना देवी की तबीयत ठीक होने लगी इसके बाद दिनेश अटल ने डॉक्टर को कहा कि मेरी पत्नी ठीक हो गई है मैं इसको घर ले जा सकता हूं क्या ? इस दौरान डॉक्टर ने कहा कि पहले सोनोग्राफी, एक्सरे करवाओ उसके बाद बात करते हैं फिर डॉक्टर ने कहा कि एक इंजेक्शन और लेकर आओ । मृतका का पति डॉक्टर की पर्ची लेकर दवाई की दुकान से डेढ़ सौ रुपए का इंजेक्शन लेकर आया और डॉक्टर को दिखाया डॉक्टर के कहने से नर्स को दे दिया इसके बाद एक्सरे करवाने के लिए कहा गया एक्सरे करवाने के बाद डॉक्टर ने जो इंजेक्शन मंगाया था उसकी पूरी डोज लापरवाही पूर्वक लगा दी जिससे मेरी पत्नी के हाथ पैर सुन्न हो गए तथा हिलना डुलना बंद हो गई। मैंने नर्स को कहा कि यह क्या हो गया है तो नर्स घबरा गई और भागकर डॉक्टर के पास गई और मेरी पत्नी को चेक किया और कहा कि जयपुर बड़े अस्पताल में ले जाओ । उन्होंने बताया कि मैंने डॉक्टर से कहा कि इंजेक्शन लगाने के बाद ऐसा लग रह रहा है जैसे मर गई हो तो डॉक्टर ने कहा की चिंता की कोई बात नहीं अभी नींद का इंजेक्शन लगाया है सो रही है इसको जल्दी से अस्पताल ले जाओ । इस दौरान फोन करके डॉक्टर ने ही एंबुलेंस को बुलाया । उन्होंने बताया कि लगभग 2.30 बजे हम महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे तो आपातकालीन डॉक्टर ने मेरी पत्नी को चेक करके बताया कि इसकी मृत्यु तो ढाई घंटे पहले ही हो चुकी है फिर डॉक्टर ने पूछा कि एमसीएम अस्पताल के डॉक्टर ने कौन सा इंजेक्शन लगाया है तो मैंने डॉक्टर की पर्ची दिखाई तो उन्होंने इंजेक्शन की लिखावट देखकर पूछा कि यह इंजेक्शन पूरा दिया था या कम दिया था । इस पर मैंने बताया कि एमसीएम के डॉक्टर ने पूरा इंजेक्शन लगाया था तो डॉक्टर ने अंदर से एक इंजेक्शन लाकर मुझे दिखा कर पूछा कि क्या यही इंजेक्शन था । इस पर मैंने कहा हां यही था फिर डॉक्टर ने कहा कि हम तो मरीज को यह इंजेक्शन पूरा नहीं देते हैं फिर मैंने कहा कि हमें घर भेज दो तो डॉक्टर ने कहा कि केस सीरियस है हम पोस्टमार्टम करवाकर भेजेंगे ।






बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)